हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

10 मुख्यमंत्री साय बोले- अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी..



12 नियमों को ताक पर रखकर युक्तियुक्तकरण, शिक्षकों...



बारिश ने उधेड़ा शहर › सड़कों पर बिछाई गई गिट्टी, डामर अलग-थलग, जानलेवा गड्ढे उभरे

# सड़कों का डामर धुला, अब गड्ढे और धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश ने शहर के आउटर सहित अंदरूनी इलाके की सड़कों को उधेड़ कर रख दिया है। डामरीकरण के दौरान सड़कों पर बिछाई गई गिट्टी और डामर अलग-थलग पड़कर जगह-जगह बिखरे पड़े हैं। बजरी के कण और धूल के गुबार के बीच सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। यही नहीं, कुछ सड़कों पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे उभर आए हैं। इससे राहगीर से लेकर दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन चालक आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं निगम के अधिकारियों का कहना है कि बारिश खत्म होने के बाद सड़क मरम्मत के लिए टेंडर होगा।

शहर में करोड़ों खर्च कर शहर की सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने के दावे की बारिश से पोल खुल गई है। सिर्फ शहर ही नहीं, आउटर में नगर निगम में शामिल वार्डों की सड़क का भी बुरा हाल है। भाठागांव से काठाडीह मार्ग, रायपुरा चौक से रिंग रोड वाली सड़क, वंदना आटो से आमापारा चौक वाली सड़क और आमापारा से लाखे नगर मुख्य मार्ग की सड़क की कमोबेश यही स्थिति बन गई है। खस्ताहाल सड़क की मरम्मत कराने लोग पार्षद कार्यालय से लेकर जोन दफ्तर में शिकायत करने लगे हैं।

## राहगीर से लेकर दोपहिया और तिपहिया चालक परेशान





### केस 1
### भाठागांव से काठाडीह मार्ग की सड़क

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव से काठाडीह पहुंच मार्ग की सड़क खस्ताहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और धूल के गुबार के कारण लोग परेशान हैं। यही नहीं, बारिश के दौरान गड्ढों पर पानी भरने से पैदल चल रहे राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया और तिपहिया चालकों को खस्ताहाल सड़क पर वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है, जबकि इस मार्ग से लोगों का सुबह-शाम आना-जाना लगा रहता है।

### केस 2
### कुशालपुर चौक से रिंगरोड वाली सड़क

कुशालपुर चौक से रिंग रोड होते हुए सुंदरनगर जाने वाली सर्विस रोड की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए ▶▶|शेष पेज 11 पर

### केस 3
### वंदना आटो से आमापारा चौक की सड़क

जीई रोड स्थित वंदना आटो से आमापारा चौक और आमापारा चौक से लाखे नगर मार्ग की सड़क डामरीकरण का काम बारिश से पहले कराया गया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस सड़क को चकाचक करने और इसे आकर्षक रूप देने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, पर बारिश से सड़क की हालत खस्ता हो गई है। जगह-जगह गड्ढे होने से आने-जाने में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर की व्यस्त ▶▶|शेष पेज 11 पर

### जल्द करेंगे टेंडर

बारिश सीजन खत्म होने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के लोक निर्माण विभाग की ओर से जल्द टेंडर होगा।

\- **अंशुल शर्मा जूनियर**, कार्यपालन अभियंता, नगर निगम रायपुर

युवा कारोबारी रसूखदार वर्ग के लोगों को हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग लेने करती थी मजबूर ›

# ड्रग में भी हनी ट्रैप, इंटीरियर डिजाइनर मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्रग के अवैध धंधे में भी हनी ट्रैप की एंट्री हो गई है। पिछले सप्ताह 28 ग्राम के करीब सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए के साथ गिरफ्तार हर्ष आहूजा, मोनू विश्नोई, दीप धनोरिया की निशानदेही पर पुलिस ने पेशे से इंटीरियर डिजाइनर नव्या मलिक तथा एक अन्य को मुंबई से गिरफ्तार किया है। ड्रग खपाने में नव्या मास्टर माइंड थी। हर्ष तथा अन्य के पकड़े जाने के बाद नव्या दिल्ली से मुंबई फरार हो गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य की मदद से नव्या को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नव्या मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों से ड्रग्स लाकर राजधानी में युवा कारोबारी, रसूखदारों को अपने हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग लेने मजबूर करती थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नव्या राजधानी के चर्चित लोगों ▶▶|शेष पेज 11 पर

## इंटीरियर डिजाइनर का मुंबई से लेकर दिल्ली तक कनेक्शन

### मुंबई, दिल्ली के बाद रायपुर तक फैला जाल

मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों में ड्रग सप्लाई करने के साथ ही नव्या ने रायपुर को अपने निशाने पर लिया। यहां उसने ड्रग का जाल फैलाने डेरा जमाया। नेटवर्क तैयार होने के बाद नव्या अपने मित्र हर्ष के पास मूल रूप से हरियाणा निवासी मोनू विश्नोई के माध्यम से यहां ड्रग भेजने लगी। नव्या तथा उसके साथियों द्वारा रायपुर तथा आसपास के शहरों में लंबे अरसे से ड्रग खपाने का काम किया जा रहा है।





**कई बार विदेश यात्रा पर जा चुकी :** नव्या के पुलिस को कई देशों की यात्रा करने के साक्ष्य मिले हैं। नव्या को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने पूछताछ करने पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश करेगी कि नव्या का विदेश यात्रा करने का उद्देश्य क्या था। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि नव्या का किसी इंटरनेशनल ड्रग रैकेट के साथ कनेक्शन तो नहीं है।

### रिच लाइफ स्टाइल से फंसाती थी

पेशे से इंटीरियर डिजाइनर नव्या रिच लाइफ स्टाइल में रहती थी। इस वजह से आयोजित पार्टी में आकर्षण का केंद्र रहती थी। अपने इसी आकर्षण का फायदा उठाकर वह संपन्न वर्ग के युवाओं से दोस्ती करती थी। दोस्ती करने के बाद उन्हें अपने जाल में फंसाकर ड्रग लेने का आदी बनाती थी। इसके बाद वह उन लोगों के माध्यम से क्लब तथा अन्य पार्टियों में एंट्री कर ड्रग खपाने का काम करती थी।

### खुद ड्रग एडिक्ट है नव्या

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नव्या ने रायपुर में स्वयं का इंटीरियर डिजाइन का काम शुरू किया। इंटीरियर के काम से नव्या का मुंबई, दिल्ली आना-जाना लगा रहता था। साथ ही वहां आयोजित पार्टियों में वह शामिल होती थी। महानगरों में आयोजित रेव पार्टी में शामिल होने की वजह से नव्या ड्रग एडिक्ट हो गई। एडिक्ट होने के बाद वह पैडलर बन कर मुंबई, दिल्ली के क्लब, पार्टी में ड्रग सप्लाई करने लगी।

## ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया पूरक चालान

ईओडब्लू, एसीबी ने सीए संजय मिश्रा उसके भाई मनीष को 20 जुलाई को किया है गिरफ्तार

# छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले से प्राप्त ढाई करोड़ झारखंड में टेंडर लेने पर खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पेशे से सीए संजय मिश्रा के भाई मनीष मिश्रा पर झारखंड में शराब सप्लाई करने टेंडर लेने ढाई करोड़ रुपए कमीशन बांटने का आरोप है। मनीष ने कमीशन की राशि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से प्राप्त आय से की है। मनीष मिश्रा नेक्सजेन पावर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। ईओडब्लू ने कोर्ट में दाखिल पूरक चालान में मनीष मिश्रा के उस बयान को भी लगाया है, जिसमें उसने बताया है कि झारखंड में उत्पाद टेंडर में उसकी कंपनी ने ढाई करोड़ रुपए कमीशन के रूप में खर्च किया था। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले का सिंडीकेट झारखंड में तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में लागू उत्पाद नीति में भी सक्रिय था। ▶▶|शेष पेज 11 पर



### पैसा नहीं मिलने पर बात थाने तक पहुंची

झारखंड में टेंडर हासिल करने मनीष मिश्रा के साथ ओम साईं ब्रेवरेज के डायरेक्टर मुकेश मनचंदा तथा अतुल सिंह ने रकम निवेश की थी। मुकेश तथा अतुल ने विजय के पास उसकी हिस्से की रकम ▶▶|शेष पेज 13 पर

### छग के साथ झारखंड में आरोपी बनाए गए हैं

छत्तीसगढ़ में शराब आपूर्ति करने वाली कंपनी साईं ब्रेवरेज के साथ दीशिता वेंचर्स झारखंड में भी शराब आपूर्ति का काम करती थी। सिंडिकेट से जुड़े लोगों ने झारखंड में साढ़े चार सौ करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है। इन दोनों कंपनियों को वर्ष 2022 में शराब आपूर्ति करने का ठेका मिला था। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दोनों कंपनियों को पिछले वर्ष नवंबर 2024 में झारखंड के तत्कालीन उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश ने ▶▶|शेष पेज 13 पर




# महानदी जल विवाद सुलझाने छत्तीसगढ़ और ओडिशा मिलकर खोजेंगे समाधान

## इंजीनियरों की टीम हर हफ़्ते करेगी काम, महानदी पर बनेगा समन्वय का नया ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने बातचीत का रास्ता चुना है। दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और जल संसाधन सचिवों की बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें मिलकर समाधान खोजने पर सहमति बनी।

बैठक में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले, जो सबके लिए लाभकारी हो। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।



### अगले माह से हर हफ्ते बैठक

बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियां, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियां मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

### दिसंबर में दोनों राज्यों के सीएम कर सकते हैं मुलाकात

अक्टूबर में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाक़ात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे।

**यह है विवाद :** महानदी छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से निकलकर ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी में मिलती है। ओडिशा का आरोप है कि छत्तीसगढ़ ने महानदी पर कई बांध और बैराज बनाकर पानी रोक लिया है, जिससे ओडिशा में गर्मी और खेती के मौसम में पानी की भारी कमी हो जाती है। वहीं छत्तीसगढ़ का कहना है कि उसने अपनी ज़रूरत के हिसाब से योजनाएं बनाई हैं और ओडिशा को भी पर्याप्त पानी मिलता है। यही विवाद कई सालों से चला आ रहा है और इसे हल करने के लिए केंद्र सरकार ने महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल भी बनाया था।

---

## खबर संक्षेप

### सांसद मोइत्रा के खिलाफ थाने में शिकायत

**रायपुर।** गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने पुलिस अधीक्षक, रायपुर के नाम माना पुलिस थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। इस पत्र में सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा देश के गृह मंत्री मित शाह के विरुद्ध दिए गए कथित विवादित बयान को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए, इसे गृह मंत्री की हत्या के लिए उकसाने जैसा कृत्य बताया। गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने अपने पत्र में कहा, जब देश के सर्वोच्च सदन में चुनी गई एक सांसद द्वारा इस प्रकार का बयान दिया जाता है, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह समाज में अराजकता, अशांति और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए महुआ मोइत्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 197, 109 तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

### पुरस्कार के लिए 15 तक ऑनलाइन करें आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों एवं व्यक्तियों को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर के अवसर पर राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने वाले श्रेष्ठ प्रयासों को सामने लाना है। सभी श्रेणियों में पुरस्कारों के लिए पात्र आवेदक 1 से 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बूढ़ेश्वर मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर पुष्टिकर समाज की ओर से बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 31 अगस्त को निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में हियरजप नामक संस्था द्वारा ब्लडप्रेशर एवं शुगर की निशुल्क जांच सहित निशुल्क श्रवण जांच किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जाएगा। समाज ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट सहित हियरजप संस्था ने सभी से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य शिविर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा का पूर्ण लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### सांकेतिक भाषा में अनुवादक बनने का जीनल को मिला मौका

**रायपुर।** सांख्यिकी एवं योजना विभाग-इंद्रावती भवन द्वारा राजधानी रायपुर में नीति आयोग की राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीनल श्रीवास्तव को सांकेतिक भाषा का अनुवादक बनने का मौका मिला है। वे राज्य की एकमात्र पंजीकृत सीएल दुभाषिया हैं। कार्यशाला में शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दूसरे और तीसरे सत्र में उच्च शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता में मेंटरशिप की अहमियत पर गहराई से चर्चा हुई।

---

## महुआ मोइत्रा के बयान को बताया विपक्ष की दूषित मानसिकता का प्रमाण

# मुख्यमंत्री साय बोले- अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद द्वारा की गई टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट है। यह न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह गंभीर आपराधिक कृत्य है। यह मुद्दा केवल एक व्यक्ति पर की गई टिप्पणी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की गरिमा और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा हुआ विषय है। यह घटना बताती है कि विपक्ष किस प्रकार राजनीति में निम्न स्तर तक गिर चुका है और किस प्रकार व्यक्तिगत आक्षेपों के माध्यम से लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी टिप्पणियां यह दर्शाती हैं कि जब विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं रह जाता, तो वह देश के शीर्ष नेतृत्व पर व्यक्तिगत और अपमानजनक हमले करता है। उन्होंने इसे दूषित मानसिकता और राजनीतिक दिवालियापन की संज्ञा दी और कहा, जो लोग जनता को सकारात्मक दिशा देने में असमर्थ हैं, वे इसी तरह की बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। श्री साय ने कहा, इस तरह के आपत्तिजनक वक्तव्य केवल संसद और राजनीति की गरिमा को ही नहीं, बल्कि आम जनता की संवेदनाओं को भी आहत करते हैं।



श्री साय ने कहा, तृणमूल कांग्रेस की आलाकमान और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुमति और शह के बिना इस प्रकार की दुस्साहसपूर्ण टिप्पणी संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा, पार्टी की संस्कृति और नेतृत्व का असर कार्यकर्ताओं और सांसदों के आचरण में परिलक्षित होता है। जब एक सांसद इस प्रकार का बयान देती हैं, तो यह मान लेना स्वाभाविक है कि इसके पीछे नेतृत्व की मौन सहमति या प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन अवश्य रहा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यदि ऐसा नहीं है, तो ममता बनर्जी को तुरंत सार्वजनिक रूप से इसका खंडन करना चाहिए और अपनी पार्टी की नेत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## नितिन नवीन बोले- अब समय आ गया है कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर की गई टिप्पणी के साथ ही अमित शाह को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान को लेकर कहा, किस प्रकार की बेचैनी निराशा और संस्कार के ये लोग आए हैं। अब समय आ गया है कि कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए। भाजपा की बैठक लेने रायपुर पहुंचे नितिन नवीन ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से लेकर जो भी इस तरह के बयान देते हैं, उससे उनके कार्यकर्ता भी तो यही सीखेंगे। जिस मिट्टी से उनकी उत्पत्ति हुई, उसे ही गली दे रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जब जब नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए, जनता ने इसका जवाब दिया है और उनको आशर्वाद भी दिया है। देखना इस बार बिहार में भी भाजपा और मजबूत होकर सामने आएगी।



### साय की विश्वनीयता बढ़ी है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेकर श्री नवीन ने कहा, जिस तरह से कम समय में ही उन्होंने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है, उनसे उनकी विश्वनीयता बढ़ी है। मुख्यमंत्री लगातार बाहर से भी निवेश जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।वे विदेश यात्रा पर भी गए थे। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मुख्यमंत्री लगातार काम कर रहे हैं।

### भाजपा की टीम को देंगे प्रशिक्षण

रायपुर में होने वाली कार्यशाला को लेकर उन्होंने कहा, राज्यों में राज्यों की जो भी भाजपा की नई टीमें बनीं है, उनको प्रशिक्षण देने का काम राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां भी प्रदेश संगठन की कार्यशाला हो रही है। इसमें सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी रहेंगे। श्री नवीन से रायपुर पहुंचने पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने किया।

---

## प्रदेशभर के भाजपा नेताओं की आज शिव प्रकाश, अरुण सिंह और नितिन नवीन लेंगे क्लास

- मंडल और जिला अध्यक्षों से लेकर मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश के सभी पदाधिकारी रहेंगे कार्यशाला में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के नए सिरे से गठन के बाद अब पहली बार मंडल और जिला अध्यक्षों से लेकर प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और प्रदेश के पदाधिकारियों की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्लास लेंगे। सुबह से लेकर रात तक चलने वाली कार्यशाला और बैठकों में शामिल होने के लिए जहां भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शनिवार को यहां पहुंच गए हैं, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल रविवार को दोपहर दो बजे यहां पहुंचेंगे।

प्रदेश भाजपा में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है। ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को रविवार की सुबह 11.30 बजे से लेकर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिलेगा। उद्घाटन सत्र से पहले 11 बजे से सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। इसके बाद कार्यशाला का प्रारंभ होगा। कार्यशाला के साथ ही अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग वर्ग की बैठकें भी होंगी।

---

## भाजपा और कांग्रेस के 'बी टू बी' में फर्क : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विदेश यात्रा को राज्य के विकास को लेकर सफल यात्रा बताते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी और छत्तीसगढ़ वापसी पर स्वागत किया है। श्री कश्यप ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के विकास की संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने जो सार्थक संवाद वहां के व्यापारिक प्रतिनिधियों से किया है, उसके परिणाम आने वाले दिनों में दिखेंगे।



प्रदेश की भाजपा सरकार बी टू बी यानी बिजनेस टू बिजनेस की बात कर रही है, तो वहीं कांग्रेस बी टू बी यानी भूपेश विरूद्ध बैज की बात कर रही है। कांग्रेस में कभी सार्थक संवाद की संभावना नहीं होती। वहां हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती है। श्री कश्यप ने कहा, एक ओर जहां प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य को तराशने के लिए बी टू बी की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं कांग्रेस बी टू बी की सियासी उलझनों में जूझ रही है। श्री कश्यप ने कहा, भाजपा और कांग्रेस का अंतर प्रदेश के हर नागरिक को कदम-कदम पर दिख जाएगा। कांग्रेस के लोग आंतरिक सिर फुटव्वल में उलझे रहते हैं और छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के विकासपरक दृष्टिकोण के साथ कांग्रेसियों की अंतर्कलह से बेखबर आगे बढ़ता जा रहा है। इंडिया टुडे के सी वोटर के सर्वे में पूरे देश में लोकप्रियता के मामले में 41.9 फ़ीसदी वोटो के साथ देश में द्वितीय सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने हैं। श्री साय जनता की कसौटी पर बार-बार खरे उतरकर पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहे हैं। मतलब साफ है कि कांग्रेस का हाथ हमेशा बंटवारों से बर्बादियों के साथ ही रहा है और अब भी कांग्रेस उस मानसिकता से मुक्त नहीं हो पा रही है।

## लौह अयस्क उत्पादन बढ़ाने बनी समिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपति झंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में लौह अयस्क उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी सुधारों के संबंध में सुझाव देने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन केंद्रीय खान मंत्रालय ने किया है। 26 अगस्त को बैठक के बाद एक समिति बनाई गई, इसमें छत्तीसगढ़ के उद्योगपति विजय झंवर को शामिल किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक, देश में लौह अयस्क और इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों पर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, और कोयला एवं खान मंत्री ने की। इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, खान मंत्रालय, कर्नाटक, ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य सरकारों और उद्योग संघों सहित उद्योग हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

### कमेटी करेगी सुधारों की सिफारिश

*बैठक के बाद मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, देश में लौह अयस्क और इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों के संबंध में हितधारकों से विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर देश में लौह अयस्क उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सलाहकार समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। यह समिति संबंधित मुद्दों की जांच करेगी और देश में लौह अयस्क एवं इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुधारों की सिफारिश करेगी।*

### समिति में ये सदस्य शामिल

संजय लोहिया, अपर सचिव, खान मंत्रालय को अध्यक्ष बनाया गया है। इनमें शामिल सदस्यों में संयुक्त सचिव (नीति), खान मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधि, इस्पात मंत्रालय के प्रतिनिधि, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, कोयला मंत्रालय के प्रतिनिधि, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के प्रतिनिधि, जेएसपीएल के प्रतिनिधि, ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि, मनीष अग्रवाल, पेलेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन के प्रतिनिधि, इंडियन स्टील एसोसिएशन के प्रतिनिधि, एनएमडीसी प्रतिनिधि, विजय झंवर, विराज आयरन एंड स्टील लिमिटेड और निदेशक (नीति), खान मंत्रालय संयोजक बनाए गए हैं।

## राजधानी में स्वीकृत दो छात्रावास आठ साल में मूर्त रूप नहीं ले पाए

### डीएमएफ फंड से स्वीकृत था, कार्यादेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाल ही में दंतेवाड़ा में फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार कर 45 फर्जी टेंडर निकलवाए और डीएमएफ फंड में करोड़ों का घोटाला किया गया। इसी प्रकार डीएमएफ फंड से आठ साल पहले राजधानी में स्वीकृत दो आश्रम छात्रावास अब तक मूर्त रूप नहीं ले पाए हैं। इनमें से एक आश्रम छात्रावास कमल विहार और दूसरा देवपुरी क्षेत्र में बनना था। इनमें से एक कमल विहार इलाके में निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार को अग्रिम भुगतान किया गया था। उसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। निर्माण कार्य बंद होने के कारण स्वीकृति के 6 साल बाद ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया।

- कमल विहार के मामले में 20 प्रतिशत कार्य, देवपुरी में शुरू नहीं हो पाया कार्य

राजधानी रायपुर में आदिम जाति कल्याण विभाग ने आश्रम छात्रावास निर्माण करने की स्वीकृति दी। विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए कमल विहार के पास जमीन का चयन कर निर्माण के लिए टेंडर जारी किया। विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए 1.74 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त भवन निर्माण के लिए आनंद सोनी ने 1.72 करोड़ में निविदा स्वीकृत की। 17 अगस्त 2017 को इसका कार्यादेश भी जारी कर दिया गया। ठेकेदार को निर्माण के लिए इसी दिन अग्रिम राशि 48 लाख 44 हजार रुपए विभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। ठेकेदार को कुल 65 लाख रुपए का भुगतान निर्माण के एवज में किया गया।



प्लिंथ कार्य पूरा किया। उसके बाद से भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। 20 प्रतिशत काम करने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य बंद किए जाने से ठेकेदार को निर्माण कार्य पूरा करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं करने के कारण विभाग ने 11 सितंबर 2023 को कार्यादेश निरस्त कर दिया।

### टेंडर जारी होने के बाद नहीं हुआ कार्य

इसी तरह देवपुरी में 3 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर मेसर्स महामाया कंस्ट्रक्शन को जारी किया गया था। टेंडर जारी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। मई 2017 में जारी किए गए टेंडर का कार्यादेश जारी किया गया था। बाद में निर्माण कार्य शुरू न हो पाने पर कार्यादेश निरस्त किया गया।

### सरकार बदलने से अटका मामला

बताया जाता है कि रमन सरकार के समय इसकी स्वीकृति हुई। भूपेश सरकार आने के बाद निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और ठेका निरस्त कर दिया गया। ठेका निरस्त होने के बाद निर्माण पूरा कराए जाने की ओर कांग्रेस सरकार के समय ध्यान नहीं दिया गया। भाजपा सरकार वापस आने के बाद निर्माणाधीन आश्रम छात्रावास भवन की समीक्षा में यह मामला सामने आया।

### कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक आज

**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन की ओर से गत दिनों संपन्न हुए सावन उत्सव, हरेली प्रतियोगिता एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और बैल दौड़ प्रतियोगिता के संबंध में 31 अगस्त को एक समीक्षा बैठक पदाधिकारियों की रखी गई है। यह बैठक सुबह 9 बजे से सरजूबांधा मुक्तिधाम परिसर टिकरापारा में होगी।

## कांग्रेस का सवाल- राज्य सरकार बताए जापान में कितने एमओयू हुए, कब तक धरातल पर उतरेगा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जापान और दक्षिण कोरिया दौरे से लौटने पर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री का कौन-कौन सी कंपनियों से एमओयू हुआ है, सरकार सार्वजनिक करे? छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई से मुख्यमंत्री और उनके अधिकारी जापान और साउथ कोरिया के दौरे पर गए थे, अब उन्हें निवेश कब-कब आयेगा, इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। इसके पहले भी वित्त मंत्री ओपी चौधरी अमेरिका दौरे पर गए थे, उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका दौरे पर गए थे, लेकिन नहीं बता पाए कि उनके दौरे से राज्य को क्या फायदा हुआ है? उन्होंने कहा, विदेशों से नए निवेशकों को आकर्षित करना, ठोस विदेश नीति, उद्योग नीति, श्रम कानून, वास्तविक राहत और रियायत देने वाली पॉलिसी के बिना संभव नहीं है।



---

### "उद्घोषणा"

आवेदन क्रमांक 6143
क्रमांक 9316/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 29/08/2025

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजनांतर्गत श्री आर.पी. यादव पिता श्री रामकुमार यादव को एच. आई.जी. मकान क्रमांक सी-112/1 रकबा 2400 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्री आर.पी. यादव की मृत्यु दिनांक 21.03.2009 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड के उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत उनके वारिसानों अर्थात पत्नि श्रीमती शकुन्तला यादव, पुत्र श्री अजीत यादव, पुत्रियां श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती अनीता यादव, श्रीमती सीमा यादव सभी निवासी-सी-112 सेक्टर 01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/ मकान की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्यनही होगा। जारी दिनांक ...........

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा विशेष आवासीय योजना धरमपुरा फेस-01, में भूखण्ड क्रमांक 100 डॉ.रोहित यादव पिता श्री वी.एस. यादव एवं श्रीमती ऋतु सैन यादव पति डॉ. रोहित यादव के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश 424 दिनांक 07.12.2006 तथा संयुक्त नाम आदेश क्रमांक 217 दिनांक 15.07.2008 के द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 23.04.2024 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 14.11.2024 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर, निवासी प्लाट नं. 6 वार्ड नं. 49, सांई कृपा रजनीगंधा कॉलोनी के पास, विद्युत नगर, दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 19.08.2025 को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखो में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूखण्ड का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल के अभिलेखो में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

HEALTH TOWN
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# रायखेड़ा विद्यालय की 54 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

## स्कूल आने जाने में होगी सहुलियत



स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में 30अगस्त शनिवार को सरस्वती निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वी में अध्यनरत 54 छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल की चाबी सौंप कर साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य जी. के. वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें कक्षा नौवीं में अध्यनरत अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बालिकाओं को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2011 से निशुल्क साइकिल प्रदान किया जा रहा है। यह योजना एक ऐसी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। कार्यक्रम को देवव्रत नायक पूर्व जनपद अध्यक्ष तिल्दा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को विद्यालय आने-जाने में असुविधा न हो इसको ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छात्राओं को साइकिल दिया जा रहा है। इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर देवव्रत नायक (पूर्व जनपद अध्यक्ष) दिनेश वर्मा (सरपंच रायखेड़ा)संतोष कुर्रे (पूर्व जनपद सदस्य)बाबूराम साहू (ग्राम सभा अध्यक्ष), चंद्रशेखर नायक, दूज राम वर्मा(पंच) नागेंद्र सिंह सीनियर मैनेजर अदानी पावर,संजय गुप्ता, प्रीति प्रजापति अदानी फाउंडेशन,विनोद सिंह, मनीष नंदवाना,राजीव रंजन, सुमित साहू,जितेंद्र वर्मा व्याख्याता, स्मृति दबड़घाव ,मोती सिंह ध्रुव, सरिता वर्मा, निक्की अग्रवाल, नीलम वर्मा, श्रुचि पांडे, अनु वर्मा , गीतांजलि धुर्वे सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चरौदा में बच्चों ने ग्रीन स्कूल के तहत किया पौधरोपण

**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों ने ग्रीन स्कूल के तहत अमलतास के बारह पौधे रोपित किए। शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया यहां के बच्चे पौधरोपण को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। बरसात लगते ही पौधरोपण में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। बच्चों द्वारा रोपित अनेकों पौधे बड़े होकर फल देने लगे हैं। पौधरोपण में संस्था प्रमुख व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### गणेशोत्सव में छात्र-छात्राओं को सौंपी गई जवाबदारी



**आरंग।** गणेशोत्सव के पावन पर्व पर सभी जगह समाज सेवको द्वारा सामाजिक उत्थान का कार्य किया जा रहा है और जरूरतमंदों को उपहार दिया जा रहा है। वही शिक्षक गोपाल शुक्ला द्वारा छात्र छात्राओं को दायित्व का वितरण किया जा रहा है। उनके अनुसार एक व्यक्ति अकेले हर काम नहीं कर सकता पर हर कोई एक पवित्र काम कर दे तो समाज का उत्थान हो जाएगा। उनके द्वारा निम्न दायित्व को सभी के स्वेच्छानुसार प्रेषित किया गया। स्वच्छता का दायित्व, जल बचाओ का दायित्व, सर्व शिक्षा का दायित्व, प्रकृति की सुरक्षा का दायित्व, स्वदेशी अपनाओ का दायित्व, मोबाइलहीन होने का दायित्व, सर्व सम्मान का दायित्व, समाज सुधार का दायित्व आदि अन्य दायित्वों का प्रेषण किया गया और सभी ने इन दायित्वों को पूरा करने का वादा किया और जन जागरूकता के लिए शिक्षक को धन्यवाद प्रेषण किया।

**समारोह :** सशिमं की वाटिका कार्यशाला में 5 कर्म और 5 ज्ञान इंद्रियों की दी गई जानकारी

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 शैक्षिक व्यवस्था कारगर उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नेवरा तिल्दा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में दो दिवसीय विभागीय शिशु वाटिका कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पुष्पराज वर्मा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, मोटिवेशनल स्पीकर कार्यक्रम के अध्यक्षता दिलीप शर्मा फाउंडर मेंबर ,विशेष अतिथि श्री मानिक राम साहू संस्थान प्रतिनिधि , अध्यक्ष गोपाल चंद्र अग्रवाल विद्यालय समिति, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, स्वप्निल श्रीवास्तव सचिव, अजय शर्मा सदस्य कृष्ण कुमार सोनी सदस्य , प्राचार्य वासुदेव साहू उपस्थित रहे। कक्षा पंचम की बहनों ने दीदियों के स्वागत के लिए नृत्य प्रस्तुत किया । इस अवसर पर मानिक राम साहू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो बदलाव हुआ है ,वह प्रारंभिक शिक्षा कहा जाएगा । यह गतिविधि आधारित शिक्षा है हमारे पास जादू का पिटारा है, जो 12 शैक्षिक व्यवस्था कहलाती है ,पांच ज्ञानेंद्री पांच कर्मेंद्रियां हैं ,जिसका विकास हमें करना है। संस्थान द्वारा चाइल्ड सेंटर खोला गया है जिसमें शिशु वाटिका की दीदियां प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही है । पूरी दुनिया व पूरा भारत हमारी ओर देख रहा है हमारी 12 शैक्षिक व्यवस्था में एक है तरण ताल जिसके द्वारा हम बच्चों के मन से पानी के डर को हटा सकते हैं। 12 शैक्षिक व्यवस्था के माध्यम से हम बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हैं। बच्चों में चखकर, सूंघकर ज्ञान का विकास कर सकते हैं। इसके पश्चात कक्षा नवम के भैया बहनों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। श्री दिलीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगी। हम अपनी बातों का मंथन करें । श्री गोपाल चंद्र अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी है । बहुत बड़ा योगदान करने जा रहे हैं। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस कार्यक्रम में रायपुर विभाग के नगरी एवं ग्रामीण विद्यालयों से कुल 60 दीदियां सम्मिलित हुई ।

■ कक्षा पांचवी के छात्राओं ने शानदार स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया

### कार्यशाला की सीख का करें पालन

उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यशाला में जो हम सीख कर जाएंगे उसका अपने विद्यालय में पालन करेंगे। स्वप्निल श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सबसे मुश्किल काम आप शिशु वाटिका की दीदियां करती हैं ।बच्चों को अंक ज्ञान से लेकर बड़े स्तर तक ले जाते हैं ।बच्चों का हाथ पकड़ कर सीखाते हैं फिर बच्चे बड़े होकर अलग-अलग क्षेत्र में जाते हैं। पालक छोटे बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। हमारे यहां दीदियां बच्चों को स्नेह प्रदान करती हैं। बच्चों में तीन गुण होते हैं तार्किक, इंद्रियों से सीखना ,प्रयोग करके सीखना आज बच्चे अंक ज्ञान के जाल में उलझ रहे हैं ।शिक्षकों पर समाज का दबाव अधिक है ,उन्होंने आगे कहा कि बच्चा देखकर सीखता है ।5 वर्ष तक के बच्चों में 80% दिमाग का विकास हो जाता है हमें तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना है ,अंधविश्वास से नहीं अगर हमें बच्चों को वैज्ञानिक बनाना है तो घर और विद्यालय में वैसा माहौल तैयार करना होगा। श्री पुष्पराज वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अभी भी मिल रहा है ।यह मेरा पहला मौका है कि मैं शिक्षकों से मिल रहा हूं।

# आवारा मवेशियों से फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग विधानसभा क्षेत्र के किसान आज ऐसी विवशता झेल रहे हैं, जिसकी कल्पना भी कठिन है। मेहनत, पसीना और कर्ज से बोई गई फसलें आवारा मवेशियों की चराई की भेंट चढ़ रही हैं। सरकार द्वारा अब तक न तो गोवंश की समुचित व्यवस्था की गई है और न ही गौठानों के संचालन पर कोई ठोस निर्णय लिया गया है। परिणामस्वरूप गांव-गांव के किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए अनोखा उपाय अपनाने विवश हो गए हैं। दिन-रात खेतों में मंडरा रहे आवारा गोवंश से तंग आकर किसानों ने अब खेतों की मेड़ पर भाजपा के झंडे गाड़ना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि चौकसी के लिए हर समय खेत पर डटे रहना संभव नहीं, मजदूरी और खेती का काम दोनों बाधित होता है। ऐसे में राजनीतिक झंडे को "सुरक्षा कवच" मानकर वे अपनी मेहनत की फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

मंदिरहसौद के किसान दुकालू बंजारे ने कहा – हमारा खून-पसीना लगाकर बोया धान एक ही रात में आवारा मवेशी चट कर जाते हैं। न गौठान में व्यवस्था है, न शासन-प्रशासन ध्यान देता है। अब खेत में झंडा गाड़कर ही फसल बचाने का सहारा रह गया है।

### घटिया निर्माण कार्यों पर नपं अध्यक्ष बिफरे

**धरसींवा।** नगरपंचायत कूरा के वार्ड 10 में इंजीनियर की निगरानी में लगभग 18 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है उक्त निर्माण कार्य की विलंब और उनके निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कार्य स्थल पर देखने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया भड़क उठे और ठेकेदार चेताया गया कि स्तरहीन कार्य पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अटल परिसर के लोकार्पण शामिल हुए सांसद व मंत्री



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका द्वारा सासाहोली आंबेडकर भवन के पास 28 लाख 16 हजार की लागत से निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल सांसद, टंक राम वर्मा मंत्री , श्रीमती चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष, राम पंजवानी कोषाध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद आदि उपस्थित थे। जहां पर अतिथियों के द्वारा लोकार्पण किया गया, लोकार्पण पश्चात सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर पार्षद ईश्वर यदु, विनोद नेताम, धर्मेंद्र डहरिया, सतीश निषाद, दिनेश साहू, पारुल अग्रवाल, जयेश पैकरा, संतोष यादव , रानी सौरभ जैन, ग्वालिन बाई, राजकुमार गैंडरे, सहित भाजपा नेता रमेश रिंकू अग्रवाल, सौरभ जैन, अरविंद वर्मा, डॉक्टर खुमान वर्मा, सुरेश वर्मा, दीपक शर्मा , लखु नागवानी, चन्द्र कुमार पाटिल, दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित हुए।



# आठ हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बगदई मंदिर के पास सरोरा मेन रोड किनारे में एक प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब रखा हुआ है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है , सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी सुनील देवार उर्फ दादू उम्र 21 वर्ष तिल्दा निवासी के कब्जे से 80 पौवा देशी मसाला शराब बिक्री करने हेतु अवैध रूपये से रखा पाये जाने से आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक रमाकान्त तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में प्र0आर0 राजेश सिकरवार तथा आरक्षक संदीप सिंह, कमलेश वर्मा, दीपक सेन, गणेश वर्मा, शैलेन्द्र डहरिया एवं मोनिस बघेल के द्वारा किया गया है।

# कुटेसर शाला के बच्चों को बांटी चाकलेट व स्टेशनरी



**आरंग।** सोच फाउंडेशन एक उड़ान आशा की ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए ग्राम कुटेसर में प्राथमिक शाला में फल, चॉकलेट एवं स्टेशनरी किट का वितरण किया। फाउंडेशन की संरक्षक आशा पात्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवता की सच्ची सेवा तभी है जब हम समाज के नन्हें बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला सकें।

सोच फाउंडेशन का उद्देश्य बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के साथ-साथ उनमें संस्कार और शिक्षा का दीप जलाना है। उनके प्रेरणादायी शब्दों से उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार हुआ। ग्रामीणों ने फाउंडेशन की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में सकारात्मक संदेश देती हैं। शाला के 120 बच्चों को किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सुभाष बंजारे, फाउंडेशन के अध्यक्ष मनजीत कौर, महासचिव नवदीप कौर, कोषाध्यक्ष नीलम जोशी, उपाध्यक्ष मंजू नेताम, सहसचिव मधु सिन्हा, मीडिया प्रभारी खुशी पटेल, मोनी दास, धनेश्वरी, अर्चना चावरे, चिंकी, कुसुम, सोनाली, चांदनी टंडन, शाला के अध्यापकगण व ग्रामवासी शामिल हुए।

# जय शीतला गणेश समिति की स्पर्धाओं के विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



समीपस्थ ग्राम बलौदी खुर्द में जय शीतला गणेश समिति द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। फुगड़ी में प्रथम दामिनी निषाद, द्वितीय ओमिन निषाद, स्लो सायकल रेस में प्रथम रामेश्वर यादव, द्वितीय मनीश्वर यादव, तृतीय प्रवीण निषाद, कुर्सी दौड़ के प्रथम राउंड में प्रथम कोनिका निषाद, द्वितीय डेरहिन निषाद, कुर्सी दौड़ के द्वितीय राउंड में प्रथम सरस्वती निषाद, द्वितीय भारती निषाद, रस्सा कसी में ढेलिया यदु व शीला निषाद की टीम बाजी मारा, मटका फोड़ में ढेलिया यदु, सेवती निषाद, परमेश्वर यादव ने मटका फोड़ा, खो खो में प्रिया निषाद की टीम ने बाजी मारी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, रायपुर जिला पंचायत के सभापति प्रतिनिधि शैल महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि गुनु राम साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य रतन चंद निषाद, पंच रामकरण निषाद, पंच प्रतिनिधि रामजी साहू, घनश्याम वर्मा, राम खिलावन निषाद, ज्योतिष साहू, ऋषि निषाद, हिमांशु निषाद, टीकम वर्मा, दिलीप निषाद, डिगेश यदु, बिष्णु निषाद, मनहरण निषाद, हेमंत निषाद, ओमकार निषाद, जितेंद्र, सूर्या, रामकुमार, खुमेंद्र, चैन सिंह, वीरेंद्र, मनोज सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**रायपुर राज में 264 गांव के प्रतिनिधि आते हैं**

# चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के चुनाव में 16 प्रदेश प्रतिनिधियों का निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम पारागांव मे चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज का चुनाव सम्पन्न हुआ। सामाजिक दृष्टिकोण से रायपुर राज में 21 उपक्षेत्र आता है। जिसमे रायपुर जिला, महासमुंद जिला, बलौदाबाजार जिला, गरियाबंद जिला व उड़ीसा के समीपवर्ती जिला नुवापाडा के साथ कुल 264 गांव के प्रतिनिधि आते है। यह चुनाव पहले गांव स्तर पर फिर उपक्षेत्र, फिर राज व फिर प्रदेश स्तर पर संपन्न होता है, रायपुर राज अध्यक्ष न्याय कमिटी के लिये केशव चंद्राकर (खुसरूपाली) व सचिव पद के लिए हुलास चंद्राकर (गाजर) निर्विरोध निर्वाचित हुए। तत्पश्चात रायपुर राज ट्रस्ट कमिटी अध्यक्ष के पद पर देवेंद्र चंद्राकर (महासमुंद) व सचिव के पद पर देवेंद्र चंद्राकर (गांजर) निर्वाचित हुए। रायपुर राज न्याय कमिटी से केंद्रीय (प्रदेश), प्रतिनिधि के लिए वतन चंद्राकर (रसनी), हिम्मत चंद्राकर (फरफोद), घनश्याम चंद्राकर (खरोरा), राजेन्द्र चंद्राकर (बिरकोनी), लक्ष्मी नारायण चंद्राकर (परसदा), रायपुर राज ट्रस्ट कमिटी केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधि के लिए महेंद्र चंद्राकर (खुसरूपाली), केदार चंद्राकर (रायपुर), नारायण चंद्राकर (बेलटुकरी), खुमेश चंद्राकर (बोडरा), हीरासिंह चंद्राकर (मोखला), केंद्रीय (प्रदेश) महिला प्रतिनिधि के पद में विजय लक्ष्मी चंद्राकर (खरोरा), मीना चंद्राकर (कोमा), शिक्षण कमिटी सदस्य पद पर रोमनाथ चंद्राकर (तेन्दुकोना), भीमसेन चंद्राकर (घुचापाली), गौरव चंद्राकर झलप, चिंतामणि चंद्राकर, योगेश चंद्राकर निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश चंद्रनाहू कुर्मी समाज मे कुल 60 केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधि चुनकर आते है। रायपुर राज के 16 केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न हुआ। राज अध्यक्ष व राज सचिव पदेन केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधि रहते है, अन्य राज के चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात प्रदेश स्तर पर चुनाव होगा, आज का चुनाव ज्यादातर आपसी सहमति व निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। यह चुनाव रायपुर राज चुनाव अधिकारी भैयालाल चंद्राकर, सहायक चुनाव अधिकारी नीरज चन्द्राकर, प्रभात चन्द्राकर, अनिल चन्द्राकर, राजकुमार चन्द्राकर, नेहरू चन्द्राकर, होमकान्त चन्द्राकर व मीडिया प्रभारी प्रशान्त चंद्राकर के द्वारा सम्पन्न करवाया गया।

# टीचर्स एसोसिएशन करेगा जेडी कार्यालय का घेराव

**आरंग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान ने बताया कि रायपुर संभाग में शिक्षक संवर्ग ई एवं टी का पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने से आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं, जिसके कारण एसोसिएशन द्वारा 1 सितंबर को जेडी कार्यालय का घेराव किया जावेगा। इस संबंध में 30 अगस्त को एसोसिएशन की बैठक में जेडी कार्यालय घेराव का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के बैठक मे उपस्थित प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक, प्रांतीय पदाधिकारी शोभा सिंह देव, योगेश ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, अंजुम शेख, सुखनन्दन साहू, पूर्णानांद मिश्रा, केशव राम साहू, यशवंत बघेल, पूरन लाल साहू, विनोद सिन्हा, जिलाध्यक्ष धमतरी डॉ भूषण लाल चंद्राकर, रायपुर ओमप्रकाश सोनकला, महासमुंद नारायण चौधरी, गरियाबंद परमेश्वर निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान, गोपाल वर्मा, शैलेन्द्र कौशल, दिनेश साहू, रमेश यादव, गेवाराम नेताम, कैलास सोन, टीकम सिन्हा, देवेंद्र भोई, संतोष साहू, धवलेश्वर, गजेंद्र नायक, लक्ष्मण मानिकपुरी, नंद रामटेके, प्रदीप वर्मा, रविन्द्र कुमार, बुधेश्वर बघेल, संजय यादव, एस के साहू, सुरेश केला आदि ने संभाग के समस्त एल बी संवर्ग के शिक्षकों से अपील किया है कि 1 सितम्बर के जे डी कार्यालय के घेराव कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति 12.30 बजे तक अधिक से अधिक संख्या मे प्रदान करें।

## पेज 09 के शेष...

### कुशालपुर चौक से...

हैं। डामरीकरण के दौरान बिछाई गिट्टी और डामर की परत उधड़ने से गिट्टी बाहर निकल आई है। इससे गाड़ियों के पंक्चर होने का खतरा बना हुआ है। इसी तरह परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी कालोनी सेक्टर 2 की सड़क उखड़ गई है। लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग जोन दफ्तर में की है।

### वंदना आटो से...

सड़क होने और ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से सड़क पर बिछाई गई डामर की परत जगह-जगह उधड़ गई है। वहीं जगह-जगह गड्ढे होने से और इसमें गंदा पानी भरने से शहरवासियों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इसी तरह टिकरापारा के हरदेव लाला मंदिर से मुख्य मार्ग वाली सड़क की मरम्मत की जरूरत है। इसकी मांग स्थानीय रहवासी करने लगे हैं।

### ड्रग में भी...

के संपर्क में थी। नव्या के मोबाइल की जांच के बाद पता चलेगा कि वह किन लोगों के संपर्क में थी। साथ ही नव्या से संपर्क रखने वाले कितने लोग ड्रग कारोबार में जुड़े हैं और सेवन करने वाले लोग हैं। नव्या रायपुर और आसपास के इलाकों में होने वाले बड़े इवेंट्स, क्लब्स की हाईप्रोफाइल पार्टीज, आफ्टर पार्टीज और प्राइवेट पार्टीज को निशाने पर रखती थी।

### छत्तीसगढ़ में शराब...

इन्हीं सिंडीकेट का हिस्सा छत्तीसगढ़ की शराब आपूर्ति कंपनी मेसर्स ओम साईं ब्रेवरेजेज के दो निदेशक मुकेश मनचंदा व अतुल सिंह भी थे, जिन्हें ईओडब्ल्यू, एसीबी की टीम ने पिछले दिनों झारखंड से गिरफ्तार कर लाई है।

### पैसा नहीं मिलने पर...

जुलाई 2022 तक भुगतान की। उसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में मुकेश तथा अतुल का भुगतान रुक गया। इस वजह से विजय भाटिया को उसके हिस्से की रकम नहीं मिली। झारखंड में उनका भुगतान अटकने पर दोनों ने अपने पार्टनर विजय भाटिया का भी भुगतान रोक दिया था। इसके लिए विजय भाटिया को पुलिस का सहारा लेना पड़ा था।

### छग के साथ झारखंड...

11 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया था। जांच में इस बात की पुष्टि होने पर मुकेश मनचंदा, अतुल सिंह को झारखंड एसीबी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, तत्कालीन आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश भी जेल भेजे गए थे।

## खबर संक्षेप

### किशोरी तालाब में डूबी, मिर्गी का दौरा पड़ने की आशंका

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में एक 17 साल की किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, अभनपुर निवासी किशोरी शुक्रवार को घड़ा लेकर तालाब में पानी भरने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह पुलिस को तालाब में किशोरी की लाश होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों से लाश की शिनाख्त कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी को मिर्गी का दौरा पड़ता रहता था। पुलिस को आशंका है कि मिर्गी का दौरा पड़ने की वजह से किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई होगी।

### आबकारी में शिकायत करने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। अभनपुर थाने में एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने तथा पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। झांकी निवासी अनिल कुमार जोशी ने मदन, रंजीत तथा खिलावन बघेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि तीनों ने उसके घर में घुसकर उनके खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। मदन ने अनिल तथा महेश जोशी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## निधन

### देवी बाई लखवानी



रायपुर। जीवन विहार निवासी देवी बाई लखवानी का 30 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. करमचन्द लखवानी की पत्नी व अशोक, प्रेम, राजेश, हरीश लखवानी की माताजी थीं।

### राजकुमार मूंधड़ा



रायपुर। शंकर नगर निवासी राजकुमार मूंधड़ा (69) का 30 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 31 अगस्त को सुबह 10 बजे मारवाड़ी शमशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. शिवकुमार मूंधड़ा के अनुज, मनोहर दम्माणी के ससुर एवं रितु, रिधम व रिया के पिता थे।

### होरीलाल देवांगन



रायपुर। बिरगांव निवासी होरीलाल देवांगन का 30 अगस्त को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बिरगांव शमशानघाट में किया गया। वे बिरगांव नगर निगम वार्ड क्रमांक 32 के पार्षद एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष थे।

### व्यास नारायण दीक्षित



रायपुर। महावीर नगर पलाश विहार निवासी व्यास नारायण दीक्षित का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे विनय दीक्षित के पिता थे।

### पं. राधेश्याम तिवारी



रायपुर। लिली चौक पुरानी बस्ती निवासी पं. राधेश्याम तिवारी (88) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शिवप्रसाद तिवारी के बड़े भाई और अभिषेक तिवारी के बड़े पापा थे।

### ललिता पाल



रायपुर। मठपुरैना निवासी ललिता पाल का 30 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 31 अगस्त को महादेवघाट शमशानघाट में किया जाएगा। वे रमलबाई पाल की बेटी, चंद्रिका पाल की पत्नी व प्रीतम, प्रीतेश, देवेंद्र पाल की माता थीं।

# नए भवन में कमिश्नर कार्यालय की शिफ्टिंग शुरू, पितृ पक्ष के बाद एसएसपी कार्यालय भी होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग कार्यालय की शिफ्टिंग नए भवन में शुरू हो गई है। इसकी शिफ्टिंग होते ही एसएसपी कार्यालय को रायपुर संभाग आयुक्त के पुराने कार्यालय में शिफ्ट किया जाएगा। संभवतः पितृ पक्ष के बाद एसएसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा। एसएसपी कार्यालय के शिफ्ट होते ही कलेक्टोरेट में ढाई साल से अटका पांच मंजिल कम्पोजिट बिल्डिंग निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो पाएगा, क्योंकि नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण अभी तक एसएसपी भवन के खाली नहीं होने के कारण अटका हुआ है। इसके खाली होते ही एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी।

## एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी

### एसएसपी कार्यालय भी पितृ पक्ष के बाद होगा शिफ्ट

एसएसपी कार्यालय को भी पितृ पक्ष के बाद या नवरात्रि तक संभाग आयुक्त के पुराने भवन में शिफ्ट किए जाने की संभावना है। शिफ्टिंग को लेकर एसएसपी कार्यालय में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। एसएसपी कार्यालय में एसएसपी, एएसपी, राजपत्रित अधिकारी भी बैठते हैं। इसके अलावा वित्त शाखा, आवक-जावक सहित पुलिस से संबंधित अन्य कई विभाग के दफ्तर भी हैं। ये सभी धीरे-धीरे संभाग कार्यालय में शिफ्ट किए जाएंगे। सूत्र की मानें, तो एसएसपी लाल उम्मेद सिंह का चैंबर उसी रूम में होगा, जहां संभाग आयुक्त महादेव कावरे बैठा करते हैं।



### एसएसपी भवन टूटने के बाद बनेगी नई कम्पोजिट बिल्डिंग

एसएसपी कार्यालय भवन के टूटने के बाद यहां नई कम्पोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी। लगभग 30 करोड़ की लागत से बनने वाली नई बिल्डिंग में एक तरफ कलेक्टोरेट और दूसरी तरफ एसएसपी कार्यालय के दफ्तर होंगे। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए करीब ढाई साल पहले ही पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से टेंडर दिया जा चुका है। निर्माण एजेंसी सिर्फ एसएसपी कार्यालय के शिफ्ट होने का इंतजार में है। इसके शिफ्ट होते ही एजेंसी निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। हालांकि बताया जा रहा है कि कलेक्टर अपने पुराने कक्ष में ही बैठेंगे, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने की पुरानी कलेक्टर बिल्डिंग को तोड़ने का अभी कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है।

### संभाग आयुक्त कार्यालय के लिए तीन मंजिला नया भवन तैयार

संभाग आयुक्त कार्यालय के ठीक पीछे परिसर में संभाग कार्यालय के लिए तीन मंजिला नया भवन तैयार किया गया है। इस भवन के तैयार होते ही संभाग कार्यालय को शिफ्ट करने की कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार सबसे पहले संभाग कार्यालय के रिकार्ड रूम को नए भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। रिकार्ड रूम शिफ्ट होने के बाद धीरे-धीरे संभाग कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रूम को शिफ्ट किया जाएगा। सूत्र के अनुसार सबसे आखिरी में संभाग आयुक्त का रूम एवं कोर्ट को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा। सूत्र की मानें, तो संभाग आयुक्त कार्यालय आगामी सप्ताहभर नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा।

## सफाई और नगर निवेश श्रेणी की सेवाएं बाधित करना पड़ रहा भारी

# एक महीने में 618 लोगों को ई चालान और ई नोटिस 4 लाख 32 हजार की ऑनलाइन जमा कराई पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 70 वार्डों में मेनुअल नोटिस की जगह सीधे ई चालान

नगर निगम ने अपने निर्माण सहित अन्य तरह के कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देने का सिस्टम शुरू किया है। इसमें निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबा को बाहर डंप करने से लेकर सरकारी संपत्ति विरूपण जैसे मामले में ई पेनाल्टी लगाई जा रही है। वहीं घरों व दुकानों का कचरा नाली में डालने, सार्वजनिक स्थानों पर फैलाने, सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके नहीं देने के अलावा सड़क यातायात बाधित करने पर पेनाल्टी वसूली जा रही है। कुल मिलाकर नगर निवेश और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 19 सेवाओं को इसमें शामिल किया गया है। पिछले 1 माह में अलग-अलग श्रेणी के सेवाओं में चूक करने 600 से ज्यादा लोगों को मौके पर ही ई चालान देकर उनसे 4 लाख 32 हजार रुपये की पेनाल्टी वसूली गई।

दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना अब लोगों को महंगा पड़ने लगा है। निगम ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 13 और नगर निवेश से 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई चालान को डिजीटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर दिया है। इस स्थिति में यदि इस चालान के जुर्माने की रकम भरने में नागरिक देरी करता है तो इससे सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसको साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई चालान की राशि इसमें जोड़ दिया गया है।



### फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माना तय

नगर निगम के एप में बनाए गए ई चालान पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर निगम के संबंधित कर्मचारी अधिकारी नाले-नाली में कचरा फेंकने या समारोह के दौरान कूड़े को स्थल पर छोड़ने, निर्माण के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने की स्थिति फोटो खींचकर अपलोड करते हैं। इससे जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाती है। रकम में किसी प्रकार के घट-बढ़ नहीं हो सकती, जबकि मेनुवल सिस्टम में पेनाल्टी को घटाने-बढ़ाने की व्यवस्था दी गई थी। इस बार चूक करने वाले को स्पॉट पर ही ऑनलाइन पेनाल्टी की रकम फोन पे, यूपीआई या पॉश मशीन से भुगतान करने का विकल्प मिलता है।

### कहां और किस इलाके में कार्रवाई

सूखा और गीला कचरा अलग-अलग नहीं दिये जाने पर अशोक नगर, जनता कालोनी गुढ़ियारी में 200 रुपये का ई चालान जारी किया गया।शिवानंद नगर के विनायक विहार कालोनी में मटन दुकान वाले पर दुकान का अपशिष्ट बाहर फेंकने पर 200 रुपये , पहाड़ी पारा के सांई मंदिर के सामने सार्वजिक स्थान पर कूड़ा बिखरने पर 1 हजार रुपये का ई चालान कर पेनाल्टी की रकम जमा कराई गई। गोगांव के सीतानगर में भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डंप करने वाले से 1000 रुपये का ई चालान वसूला गया। भोजनगर में सड़क अवरोध किए जाने पर 4 हजार की पेनाल्टी ई चालान के रूप में वसूली गई। बसंत विहार गेट नंबर 2 में ग्रीन नेट नहीं लगाने पर निगम की टीम ने 2 हजार का ई चालान जमा करवाया। खमतराई इलाके में पैराडाइज हॉटल के पास आवासीय कालोनी के प्रसार का विज्ञापन चस्पा किए जाने संपत्ति विरूपण मामले में 5 हजार रुपए का ई चालान जारी कर पेनाल्टी जमा कराई गई। गोविंद नगर गोंदवारा में मलबा डंप करने पर 1 हजार रुपये, देवेंद्र नगर के नए टिंबर मार्केट इलाके में सेक्टर 3 क्षेत्र में सार्वजनिक नाली में कचरा डालने पर 2 हजार रुपए ई चालानजारी किया गया।

शहीद स्मारक भवन के पास सड़क अवरोध के मामले में 5 लोगों से स्पॉट पर फोटो अपलोड कर 5 हजार रुपये का ई चालान जारी कर पेनाल्टी की राशि ऑनलाइन जमा कराई गई। रेल्वे स्टेशन क्षेत्र के संजय गांधी चौक के हॉटल संचालक पर खुले में कचरा फैलाने पर 2 हजार रुपये का ई चालान जारी कर पेनाल्टी वसूली गई। गोविंद नगर में खुले में शौच करते पाए जाने पर एक व्यक्ति से 1 हजार रुपये की पेनाल्टी जमा कराई। आमापारा क्षेत्र स्थित गुरू घासीदास प्लाजा परिसर के दुकानदार पर सड़क अवरोध पर 5 हजार की ई चालान ऑनलाइन जमा कराया गया। वहीं डीडी नगर के एक नागरिक द्वारा सड़क पर मलबा डंप करने की स्थिति में 1,500 रुपये की पेनाल्टी जमा कराई गई। सड़क यातायात बाधित होने पर नारायण हृदयालय से 5 हजार रुपए ई चालान वसूला गया।

**नगर निवेश की 4 श्रेणी में चूक पर** ई चालान, सड़क अवरोध, संपत्ति विरूपण की स्थिति, ग्रीन नेट न लगाए जाने पर, मलबा खुले में छोड़ने पर।

**स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर** ई-चालान, गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने पर, डायपर सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करने पर, गार्डन वेस्ट का निराकरण न करने पर, कूड़े को खुले में फेंकने या जलाने पर, बिना नगर निगम को सूचित किये 100 व्यक्तियों से ज्यादा का समारोह, समारोह के दौरान कूड़े को स्थल में ही छोड़ने पर, स्ट्रीट वेंडर द्वारा कचरा फैलाने, मिक्स करने पर, कालोनी, बाजार द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना, 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा बड़ी कालोनी, संस्था द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर, हॉटल, रेस्टारेंट द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने की स्थिति में, खुले में शौच करने पर।

# लभांडी में दो कार और एंबुलेंस आपस में टकराईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एक्सीडेंट में दो महिलाएं हुईं चोटिल, थाने में किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी चौक पर शनिवार दोपहर दो कार और एक एंबुलेंस आपस में टकरा गईं। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं को चोटें आई हैं। एंबुलेंस चालक तथा अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद किसी ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। आपसी समझौता कर मामले को रफा-दफा कर लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही एंबुलेंस को टक्कर मारी, जिससे पीछे से आ रही दूसरी कार ने भी एंबुलेंस को टक्कर मारने वाली कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार के सामने तथा पीछे का दूसरी कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट के बाद गुजर रहे राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लगाने से एक्सीडेंट होने की बात सामने आई है।

## गंगरेल में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

# प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा बांध लबालब झुमका और पिपरिया 99 प्रतिशत भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में से 12 बांध लबालब हो गए हैं। वहीं एक दर्जन बांध ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है। वर्तमान में बांधों में 85.87 प्रतिशत जल भराव है। बांधों में इसी तारीख में वर्ष 2024 में 86 और 2023 में 75 प्रतिशत जल भराव की स्थिति थी। मिनी माता बांगो बांध में अभी 89 प्रतिशत जलस्तर है, जो 2024 में 90 प्रतिशत था। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 90 प्रतिशत जल भराव के मुकाबले पिछले साल 79 था। तांदूला बांध में अभी 95 प्रतिशत पानी है। 2023 में 65 और 2024 में 86 प्रतिशत जल भराव इस दौरान पाया गया।

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं उनमें खारंग, मनियारी, कोसारटेडा, परजकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, बरौनी और धारा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधो में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोडे जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

### इन बांधों में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

वहीं प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगों में 89.37, गंगरेल 90.37, तांदूला 95, सिकासार 96, खरखरा 96, कोसारटेडा 95, छीरपानी 93, मटियामोती 96, झुमका 99, गेज टेंक 97, कर्रानाला 96 और मयाना में 95 प्रतिशत जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।



### कई जिलों में कम बारिश

छत्तीसगढ़ में इस बार अच्छी बारिश हुई है। प्रदेश के कई बांध भर चुके हैं, लेकिन कुछ जिलों में कम बारिश के कारण खेत सूखने लगे है। इनमें बेमेतरा, सारंगढ़, बलौदाबाजार, महासमुंद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सरगुजा और रायपुर जिले के कुछ इलाकों में फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। यहां फसलों को बचाने बांधों से पानी छोड़ने की मांग लगातार की जा रही है।

### प्रदेश में अब तक 871 मिमी औसत वर्षा

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 871 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1259.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 430 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 736, बलौदाबाजार में 613, गरियाबंद में 729, महासमुंद में 646 और धमतरी में 777 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 833, मुंगेली में 814, रायगढ़ में 1024, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 701, जांजगीर-चांपा में 1015, सक्ती में 894, कोरबा में 843 और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 847 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 713, कबीरधाम में 612, राजनांदगांव में 783, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1090, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 654 और बालोद में 940 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 621, सूरजपुर में 955, जशपुर में 864, कोरिया में 982 और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 877.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# लूट के इरादे से कार चालक की हत्या, दो को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ दो वर्ष पूर्व अभनपुर थाना क्षेत्र की घटना

अभनपुर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व लूट के इरादे से कार बुक कर कार चालक की हत्या के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। हत्यारों ने रायपुर शीतलापारा निवासी अपने परिचित की कार बुक कर लूट करने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार तपन बांधे उर्फ धन्नू तथा राकेश कुर्रे को कोर्ट ने सुनील वर्मा (47) की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। राकेश ने 14 अप्रैल 2023 को रात साढ़े नौ बजे सुनील को कॉल कर रायपुर से अभनपुर, खोला जाने कार बुक कराई। कार बुक कराने के बाद राकेश ने कार में अपने साथ तपन को बैठा लिया। तपन कार में बैठने के पूर्व अपने घर से झोला में गमछा तथा रस्सी साथ रख लिया। खोला पहुंचने के पहले दोनों ने नहर किनारे शौच जाने के बहाने कार रुकवाई। थोड़ी देर बाद कार के पीछे बैठे तपन ने अपने झोला से गमछा निकालकर सुनील की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश कार की डिक्की में डाल दी।



### हत्या करने के बाद लाश घर के आंगन में दफना दी

सुनील की हत्या कर लाश डिक्की में रखने के बाद राकेश अपने साथी के साथ देर रात तक कार लेकर ईधर-उधर घूमता रहा। गांव के लोग सब सो गए। इसके बाद राकेश ने अपने साथी के साथ मिलकर अपने पुराने घर के आंगन में गड्ढा कर लाश दफना दी। मृतक की बेटी की शिकायत पर पुलिस पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को राकेश तथा तपन के साथ सुनील के साथ आखिरी बार देखे जाने की जानकारी मिली। सख्ती से पूछताछ करने पर राकेश ने पुलिस को कार लूट करने की नीयत से सुनील की हत्या करने का अपराध कबूल किया। घटना के 10 दिन बाद पुलिस को राकेश के घर के आंगन से सुनील की लाश मिली।

## पेज 9 के शेष ...

### कुशालपुर चौक से...

हैं। डामरीकरण के दौरान बिछाई गिट्टी और डामर की परत उधड़ने से गिट्टी बाहर निकल आई है। इससे गाड़ियों के पंक्चर होने का खतरा बना हुआ है। इसी तरह परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी कालोनी सेक्टर 2 की सड़क उखड़ गई है। लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग जोन दफ्तर में की है।

### वंदना आटो से...

सड़क होने और ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से सड़क पर बिछाई गई डामर की परत जगह-जगह उधड़ गई है। वहीं जगह-जगह गड्ढे होने से और इसमें गंदा पानी भरने से शहरवासियों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इसी तरह टिकरापारा के हरदेव लाला मंदिर से मुख्य मार्ग वाली सड़क की मरम्मत की जरूरत है। इसकी मांग स्थानीय रहवासी करने लगे हैं।

### ड्रग में भी...

के संपर्क में थी। नव्या के मोबाइल की जांच के बाद पता चलेगा कि वह किन लोगों के संपर्क में थी। साथ ही नव्या से संपर्क रखने वाले कितने लोग ड्रग कारोबार में जुड़े हैं और सेवन करने वाले लोग हैं। नव्या रायपुर और आसपास के इलाकों में होने वाले बड़े इवेंट्स, क्लब्स की हाईप्रोफाइल पार्टीज, आफ्टर पार्टीज और प्राइवेट पार्टीज को निशाने पर रखती थी।

### छत्तीसगढ़ में शराब...

इन्हीं सिंडीकेट का हिस्सा छत्तीसगढ़ की शराब आपूर्ति कंपनी मेसर्स ओम साईं ब्रेवरेजेज के दो निदेशक मुकेश मनचंदा व अतुल सिंह भी थे, जिन्हें ईओडब्ल्यू, एसीबी की टीम ने पिछले दिनों झारखंड से गिरफ्तार कर लाई है।

### पैसा नहीं मिलने पर...

जुलाई 2022 तक भुगतान की। उसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में मुकेश तथा अतुल का भुगतान रुक गया। इस वजह से विजय भाटिया को उसके हिस्से की रकम नहीं मिली। झारखंड में उनका भुगतान अटकने पर दोनों ने अपने पार्टनर विजय भाटिया का भी भुगतान रोक दिया था। इसके लिए विजय भाटिया को पुलिस का सहारा लेना पड़ा था।

### छग के साथ झारखंड...

11 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया था। जांच में इस बात की पुष्टि होने पर मुकेश मनचंदा, अतुल सिंह को झारखंड एसीबी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, तत्कालीन आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश भी जेल भेजे गए थे।

# कलेक्टर ने युवाओं को पढ़ाया भूगोल का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ तीन घंटों तक कलेक्टर ने ली प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों की मैराथन क्लास

जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट अनुभव की शुरुआत की है। इसके तहत शनिवार को योग भवन फुंडहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्यापन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह ने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को भूगोल विषय का पाठ पढ़ाया। उन्होंने चित्र के माध्यम से युवाओं को विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की और गंगा, सिंधु, चंबल, यमुना, कावेरी, महानदी, इंद्रावती जैसी प्रमुख नदियों के साथ ही उनकी सहायक नदी, तट पर बड़े शहर, उद्योग की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने प्रश्न भी पूछे जैसे तर्रीघाट कहां है, क्यों प्रसिद्ध है, खूंटाघाट परियोजना किस नदी पर स्थित है आदि। कक्षा के दौरान विधार्थियों को होम वर्क भी दिए, जिसे आगामी क्लास में पूछा जाएगा तथा इसका सही जवाब बताया जाएगा।



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, एसडीएम नंद कुमार चौबे, एसडीएम अभिलाषा पैंकरा, एसडीएम रवि सिंह, आरटीओ आशीष देवांगन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कक्षाएं लेने से परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी

कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर अलग-अलग विषयों पर कक्षाएं लेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशेष मदद मिलेगी। उन्होंने विशेष टिप देते हुए कहा कि पढ़े हुए को याद रखने के लिए आंख बंद करके मनन करें और उसको रीकॉल करें। अगले दिन हर क्लास से पहले, पहले दिन का 50 क्वेश्चन एमसीक्यू फॉर्मेट में दिया जाएगा, जिससे आपका रिवीजन होगा। अलग-अलग अधिकारी हफ्ते में 2 दिन आपकी क्लास लेंगे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल सफाई कर्मचारी आज करेंगे भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव

**रायपुर।** प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 31 अगस्त को भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेंगे। इससे पहले वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर एकत्रित होंगे। इसके बाद धरना स्थल से रैली निकालकर भाजपा के प्रदेश कार्यालय घेराव के लिए निकलेंगे। दरअसल, प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी अपनी 4 सूत्रीय मांगों की अनदेखी से नाराज हैं, उनका कहना है कि पिछले आठ साल से उनकी लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है, जबकि प्रदेशभर में 43,301 स्कूल सफाई कर्मचारी एक अरसे से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे अपने लंबित मांग को लेकर इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

### वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक महिला ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 11 लाख 18 हजार रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कनू अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसके पास मोबाइल में एक लिंक आया, जिसमें मीशो ऑनलाइन के जरिए घर बैठे रोजाना तीन हजार रुपए तक कमाने का दावा किया गया। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे एक ग्रुप में जोड़ा गया, जहां होटल्स को स्टार रेटिंग करने जैसे छोटे-छोटे टास्क देकर शुरुआती दिनों में 1000 से 3000 रुपए तक का लाभ दिए। बाद में टास्क पूरा करने पैसे जमा करने पर 25 से 30 प्रतिशत मुनाफा देने का झांसा देकर महिला से किस्तों में रकम जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

### धक्का लगने के विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने दूसरे युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ धक्का लगने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाखेनगर निवासी आशीष सोनवानी ने राहुल पृथवानी तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आशीष ने पुलिस को बताया कि वह ईदगाहभाठा के पास गणेश देखने गया था।

# नियमों को ताक पर रखकर युक्तियुक्तकरण, शिक्षकों ने सुनवाई में रखी आयुक्त के समक्ष अपनी बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

युक्तियुक्तकरण के तहत दूसरे स्कूलों में भेजे गए शिक्षकों की आपत्तियों पर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने सुनवाई की। इस दौरान रायपुर जिले के शिक्षकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें भी रखीं। इनमें से ज्यादातर शिक्षकों ने उन्हें अवगत कराया कि शासन के नियमों को दरकिनार कर जिला स्तरीय समिति ने उन्हें दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया है। आयुक्त संभाग कार्यालय में आई आपत्तियों की यह अंतिम सुनवाई थी। इससे पहले आयुक्त ने रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद जिले से आई आपत्तियों पर सुनवाई कर चुके हैं।

## शिक्षकों का कहना- नियम किए दरकिनार

### 5 सौ से ज्यादा आपत्तियां

रायपुर संभाग अंतर्गत सभी जिलों से पांच सौ से ज्यादा शिक्षकों ने जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आपत्तियां लगाई थीं। इन सभी आपत्तियों पर आयुक्त ने सुनवाई की। सभी जिलों की आपत्तियों के लिए सुनवाई की अलग-अलग तारीख दी गई थी। रायपुर जिले के लिए सबसे आखिरी में 29 एवं 30 अगस्त को सुनवाई हुई। शनिवार को अंतिम सुनवाई थी।



### दो पाली में हुई सुनवाई, 100 शिक्षकों ने रखी अपनी बात

रायपुर जिले से कुल 183 शिक्षकों ने आपत्तियां लगाई थी। इनमें से 83 शिक्षकों की आपत्तियों पर 29 अगस्त को सुनवाई हुई थी, वहीं 30 को बाकी बचे 100 शिक्षकों की सुनवाई हुई। अंतिम दिन भी दो पाली में सुनवाई हुई, जो सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चली।

### सुनवाई के बाद अब निराकरण

सुनवाई पूरी हो चुकी है। इसके बाद अब आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। सूत्र के अनुसार इन आपत्तियों में जिन शिक्षकों को नियम के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया है, उन्हें उसी स्कूल में यथावत रखा जाने संबंधित आदेश जारी सकता है, वहीं जिनकी आपत्ति गलत है, उनके आदेश को यथावत रखा जाएगा।

### आपत्तियों पर आयुक्त ने की सुनवाई

युक्तियुक्तकरण के तहत कई शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में रिक्त पद एवं विषयवार शिक्षकों की कमी को देखते हुए पदस्थ किया है। इसके लिए सभी जिलों में जिला स्तरीय पर समिति बनाई गई थी। इन समितियों ने ही युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में जरूरत के अनुसार पदस्थ किया है। इस संबंध में सूची बनाई थी। इसके तहत ही आदेश जारी हुए थे, लेकिन इस आदेश के बाद कई जिलों में वर्तमान स्कूल से दूसरे स्कूल में पदस्थ किए गए अनेकों शिक्षकों ने जिला स्तरीय के निर्णय को शासन के नियम के विरुद्ध बताया है। इसे लेकर कई शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, जिस पर शिक्षकों को स्टे भी मिला है। इस याचिका पर हाईकोर्ट ने शासन को निर्देशित किया है कि संभाग स्तर पर शिक्षकों की आपत्तियों को सुनकर निराकरण करें, तब तक युक्तियुक्तकरण के आदेश को स्थगित रखा जाए।

## चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी और कार्यकारी अध्यक्ष ललित जैसिंघ के नेतृत्व में स्वागत

# विदेश यात्रा से लौटे सीएम का चैंबर टीम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 10 दिवसीय जापान एवं दक्षिण कोरिया विदेश यात्रा करके छत्तीसगढ़ पहुंचने पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने माना एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी और कार्यकारी अध्यक्ष ललित जैसिंघ के नेतृत्व में चैंबर टीम एवं व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की नई औद्योगिक विकास नीति सफलता के प्रतिमान स्थापित कर रही है। श्री साय के विदेश प्रवास से छत्तीसगढ़ में विभिन्न सेक्टरों में निवेश के रास्ते खुले हैं, जिससे प्रदेश में नवीन तकनीकों के उपयोग, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, युवाओं की स्किलिंग और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा, जो कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा ओसाका जापान में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 के पहले दिन ही छत्तीसगढ़ पैवेलियन में 22 हजार से अधिक दर्शकों ने पहुंचकर प्रदेश की विरासत, उद्योग और पर्यटन की अनूठी झलक का अनुभव किया है। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि, औद्योगिक शक्ति और पर्यटन की संभावनाओं को सुंदर रूप से पिरोया गया था। यह वैश्विक दर्शकों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराता है। जापान के ओसाका में मुख्यमंत्री श्री साय ने जापानी कंपनी सरताज फूड्स को 100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश से न केवल रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि प्रदेश के किसानों की समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। जब प्रदेश का किसान समृद्ध होगा, तो सभी प्रकार का व्यापार–व्यवसाय भी समृद्ध होगा। दक्षिण कोरिया की कंपनियों को ईवी चार्जिंग, रेलवे, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के निवेश के लिए न्योता दिया है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-30 के लागू होने से छत्तीसगढ़ में निवेश को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है।

### केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से मिला चैंबर प्रतिनिधिमंडल



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय खेल और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया से उनके निवास स्थान पर जाकर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में खेल और औद्योगिक विकास के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर चर्चा की गई। साथ ही सिंधी समाज विभाजन और व्यापारी हितों को लेकर हाईकोर्ट में लड़ी गयी सच्ची कहानी पर चैंबर के वरिष्ठ सदस्य शिव ग्वालानी द्वारा रचित किताब भेंट की। किताब का विमोचन कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया नई दिल्ली में शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर लाल द्वारा किया गया। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने श्रम रोजगार और युवा खेल मंत्री श्री मंडाविया से कहा कि सिंधी समाज ने विभाजन की भीषण त्रासदी झेली है और इस किताब में इसका सरल और मार्मिक लेखन है।


पूर्व विधायक एवं चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स संख्या की दृष्टि से भारतवर्ष का सबसे बड़ा चैंबर है। चैंबर ने एक कमेटी बनाकर स्वदेशी अपनाओ का एक अभियान छेड़ा है गांव गांव शहर व्यक्तिगत संपर्क लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

# सितंबर का बिजली बिल बढ़कर मिलेगा, दरों के साथ एफपीपीएस शुल्क भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एफपीपीएएस शुल्क में भी इस बार इजाफा

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर के बिल में महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ेगा। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस तय किया जा रहा है, वह छह से सात फीसदी लगने वाला है। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आएगा, तो इसमें जुलाई में की गई खपत पर एफपीपीएएस शुल्क भी लगेगा। बीते माह यह शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में था। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो गया। इसके बाद जुलाई में भी एफपीपीएएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा, लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएएस शुल्क बढ़ रहा है।



### 400 यूनिट की खपत पड़ेगी भारी

प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब तक 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ता था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए बिल में कम हो जाते थे। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ेंगे। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### अगल-बगल कार वर्कशॉप, संचालक से मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक कार वर्कशॉप संचालक ने दूसरे वर्कशॉप संचालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजा ने अनी सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रजा ने पुलिस को बताया कि उसका तथा अनी सिंह का कार वर्कशॉप अगल-बगल है। कार डिलीवरी देने वह ग्राहक की कार निकाल रहा था। इस दौरान रजा के दुकान के सामने अनी सिंह किसी की कार मरम्मत कर रहा था। रजा ने अनी को कार हटाने के लिए कहा, इस बात से नाराज होकर अनी ने राजा के साथ मारपीट की।

## बिजनेस साइट

### एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह को मिला स्कोप लीडरशिप अवॉर्ड



**रायपुर।** एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह को 'स्कोप एमीनेन्स अवॉर्ड फॉर इंडीविजुअल लीडरशिप एक्सीलेन्स' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। गुरदीप सिंह को यह पुरस्कार एनटीपीसी के ऊर्जा रूपांतरण, स्वच्छ ऊर्जा विस्तार और स्थायी विद्युत उत्पादन में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया। एनटीपीसी वर्तमान में 83 गीगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी पॉवर यूटिलिटी है और 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एमएम स्कूल में वार्षिक गणित महोत्सव 'मैथ-ए-थॉन' आयोजित



**रायपुर।** एमएम स्कूल में शनिवार को वार्षिक गणित महोत्सव 'मैथ-ए-थॉन' का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति डर को समाप्त करना और उन्हें आनंदपूर्ण तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन धार्मिक प्रार्थना गीत और दीप जलाने से हुआ, जिसके बाद छात्रों ने गणित से संबंधित विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। इनमें 'नृत्य के माध्यम से कोणों की अभिव्यक्ति', 'नंबर लाइन ड्रामा' और 'वित्तीय जागरूकता में गणित की भूमिका' जैसी आकर्षक नाटिकाएं शामिल थीं। इसके अलावा छात्रों ने गणितीय खेलों और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों में भी भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था गणित को मजेदार, सरल और तनावमुक्त बनाना। प्राचार्या ने कहा, हमारे विद्यालय में हम हमेशा हैप्पी लर्निंग विथआउट स्ट्रेस को प्राथमिकता देते है। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और अभिभावकों में गणित के प्रति नई ऊर्जा और प्रेम का संचार किया।

### आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशी छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम



**रायपुर।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय की नीतियों, पाठ्यक्रम, प्लेसमेंट अवसर और सह-पाठ्यक्रमिक गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को उच्च लक्ष्य तय करने और कठिन परिश्रम के साथ सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रो. डॉ. इमरान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा की, जबकि सीआरसी डायरेक्टर नीरज निकुंभ ने प्लेसमेंट अवसरों की जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक श्रेयाश जोशी ने छात्रों को विश्वविद्यालय के अनुशासन और कोड ऑफ कंडक्ट से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन कुलाधिपति डॉ. विनय अग्रवाल और कुलपति डॉ. महलवार ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर किया।

### रायपुर में होंडा सीबी-125 हॉर्नेट का भव्य अनावरण आज

**रायपुर।** प्रतिष्ठित कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) अपनी प्रीमियम श्रेणी की नई मोटरसाइकिल सीबी-125 हॉर्नेट का अनावरण आज राजधानी रायपुर में करेगी। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मरीन ड्राइव स्थित भारतीय ध्वज के पास तेलीबांधा तालाब परिसर में शाम 5 बजे से होगा। होंडा की यह नई मोटरसाइकिल आकर्षक डिजाइन के साथ-साथ उन्नत तकनीक और विश्वसनीय प्रदर्शन के कारण युवाओं के बीच एक नई लहर उत्पन्न करने वाली है। लॉन्च समारोह में कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहेंगी, जिनमें एस. प्रकाश (आईएएस, सचिव एवं परिवहन आयुक्त), अमर पारवानी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन) और रविंद्र भसीन (अध्यक्ष, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन) प्रमुख हैं। इसके अलावा एचएमएसआई की ओर से कार्यकारी उपाध्यक्ष तदाशी मिशिगे और क्षेत्रीय प्रबंधक (विक्रय) शेषांक राजदान भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# मितानिन करेंगी 4 को प्रदेश व्यापी चक्काजाम, सीएम-मंत्री निवास घेरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर की 75 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 4 सितंबर को राजधानी में प्रदेश व्यापी चक्का जाम करेंगी। इसके साथ ही इसी दिन मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव कर अपनी मांगों को प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करने प्रदर्शन करेंगी।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, प्रदेश सचिव चंद्रकिशोर वासनिक ने शनिवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने कहा है 4 सितंबर को प्रदेशभर की मितानिन शहर में प्रदेशव्यापी चक्का जाम कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन, वेतन में 50 फीसदी बढ़ोतरी की मांग और एनजीओ के अंदर कार्य नहीं करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने जुटेंगी। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त से मितानिन नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संभाग स्तरीय प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद करने एकजुट हुईं।

### चुनावी घोषणापत्र में किए वादे की अनदेखी

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ की अध्यक्ष सरोज सेंगर ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मोदी की गारंटी के तहत चुनावी घोषणा पत्र में यह वादा किया गया कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर को एनएचएम के तहत संविलयन किया जाएगा।

# कैट ने 6 जिलों में महिला इकाई का किया गठन, 2 वर्ष का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की अहम बैठक शनिवार को राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें प्रदेश के 6 जिलों में महिला इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में 2 वर्षो के लिए राजनांदगांव, कुरुद, बागबाहरा, महासमुंद, बसना और बिलासपुर जिले महिला इकाइयों का गठन कर नए अध्यक्ष बनाए गए हैं।

बैठक में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जिला इकाइयों के गठन के लिए अधिकृत किया गया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कैट की राजनांदगांव, कुरुद, बागबहारा, महासमुंद, बसना, बिलासपुर (महिला) इकाइयों का गठन सर्वसम्मति से किया गया तथा अध्यक्षों के नाम मनोनीत किये गये।

कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 जिला इकाईयों के प्रभारी कैट राजनांदगांव इकाई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने राजेश डागा का नाम राजनांदगांव इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया। कैट कुरूद इकाई के प्रभारीराम मंधान द्वारा योगेंन्द्र सिन्हा का नाम कुरुद इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया गया।

कैट बागबहारा इकाई प्रभारी परमानंद जैन ने राजकुमार जैन का नाम बागबहारा इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

इसी तरह महासमुंद इकाई प्रभारी जितेंद्र चंद्राकर ने गौरव चंद्राकर का नाम महासमुंद इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

कैट बसना इकाई प्रभारी परमानंद जैन ने जयनारायण अग्रवाल का नाम बसना इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

कैट बिलासपुर इकाई प्रभारी राकेश ओचवानी ने निहारिका त्रिपाठी का नाम बिलासपुर महिला इकाई अध्यक्ष पद के लिए आगे बढ़ाया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावित नामों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर हुआ। बैठक के प्रारंभ में परमानंद जैन ने सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

## ईको फ्रेंडली उत्सव और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर

# निगम ने गणेश पंडालों में दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम इस बार गणेशोत्सव के मौके पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पंडालों पर जाकर ईको फ्रेंडली गणेशोत्सव और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर का संदेश देने अभियान चला रहा है। यह अभियान 27 अगस्त शुरू हुआ है और 9 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों में स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को पंडरी के झंडा चौक में अभियान चलाया गया।

नगर निगम जोन 3 के झंडा चौक पंडरी स्थित जगन्नाथ गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के बीच नगर निगम के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और वहां मौजूद श्रद्धालुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। लोगों से यह अपील की गई कि गणेशोत्सव के दौरान सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखा जाए। पूजा अर्चना के दौरान फूल, हार को अलग से संग्रहित कर खाद बनाने में सहयोग दिया जाए और पंडाल परिसर को पूरी तरह साफ-सुथरा रखना है।



इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं महर्षि वाल्मिकी वार्ड के शीतला तालाब के पास गणेश पंडाल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन कमिश्नर संतोष पांडे और स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे की उपस्थिति रही।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



जल-जंगल और जमीन के लिए....


## शहर में विराजे गणपति



रिद्धि सिद्धि गणेशोत्सव समिति, प्रियदर्शिनी नगर



मुक्तिधाम के सामने किशोर कल्चर कमेटी, देवेंद्र नगर



आजाद हिंद गणेशोत्सव समिति, कांदुल



शिव नगर मठपारा बोरियाकला



श्री विघ्नहर्ता युवक समिति, पवन विहार कॉलोनी, अमलीडीह



श्री राम परिवार गणेश उत्सव समिति, पारस नगर



श्री बाल गणेशोत्सव समिति, फाफाडीह

### महाराष्ट्र मंडल के सभागार में 'शिखंडी' नाटक का मंजे हुए रंगकर्मियों ने किया मंचन

# किन्नरों की पीड़ा : समाज में भेदभाव के बीच 'शिखंडी' के संवादों ने की व्यवस्था पर चोट, संघर्ष देख दर्शक भावुक

" जब मुझे सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत थी, तब मुझसे मेरी मां भी दूर हो गई। बचपन से ही एक अनजानी घुटन ने मुझे घेर रखा था... क्या करूं, क्या न करूं? यह उलझन हमेशा मेरे मन में रही। इस जीवन में मैं खुद को कभी पहचान नहीं पाई। इस अस्तित्व की लड़ाई में मैं खुद को पहचान ना सकी, मेरा तो जीवन ही पहेली है...यह कहते हुए फूट-फूटकर रोने के पीछे छिपी पीड़ा का एहसास दर्शकों ने भी किया। नाटक में निहित किन्नरों की व्यथा को संवादों और हावभाव से भी कलाकारों ने जीवंत करने का सफल प्रयास किया। घर से निकाले जाने के बाद एक किन्नर की दुखभरी दास्तां दर्शकों के सामने रखने में मंजे हुए कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी।"

**रायपुर।** किन्नरों के जीवन से जुड़ी कठिनाईयों, भेदभाव और समाज में उनकी स्थिति को उजागर करने में नाटक 'शिखंडी' की भाव से ओतप्रोत प्रस्तुति ने दर्शकों को एक नई सोच और संवेदनशीलता से परिचय कराया। नाटक की शुरुआत महाभारत के पात्र 'शिखंडी' से होती है, जिनकी कहानी जेंडर पहचान और बदलते समाज की जटिलताओं को दर्शाता है। नाटक में किन्नरों के संघर्ष और मानवाधिकारों की लड़ाई को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। नाटक का उद्देश्य किन्नरों के जीवन को समझना और उन्हें समाज में समानता और सम्मान दिलाना था। यह नाटक केवल किन्नरों की व्यथा को ही नहीं, बल्कि समाज के सभी कमजोर वर्गों की स्थिति को उजागर करता है। जो कभी न कभी किसी न किसी रूप में भेदभाव का शिकार होते हैं। रंगभूमि संस्थान द्वारा महाराष्ट्र मंडल के सभागार में आयोजित 'शिखंडी' नाटक के जरिए, किन्नरों के जीवन को समझाने और उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास कलाकारों ने किया। इस बीच नाटक के लेखक भरत वेद और निर्देशक आचार्य रंजन मोडक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।









### नाटक में रामायण और महाभारत के प्रसंगों का जिक्र

नाटक के दौरान किन्नरों ने दर्शकों के बीच प्राचीन कथा का वाचन किया, कहा, जब भगवान श्रीराम अयोध्या छोड़ रहे थे, तब उन्होंने सभी नर-नारी से जाने की अपील की, लेकिन हम वहीं खड़े रहे, उनका इंतजार करते हुए। जब 14 वर्ष के बाद श्रीराम ने हमें देखा तो उन्होंने कहा था, तुम जिसे आशीर्वाद दोगे, वह जरूर पूरा होगा। उस दिन से लोग हमें शुभ कार्य में आमंत्रित करने लगे। महाभारत के दौरान भी शिखंडी का प्रमुख योगदान रहा था, लेकिन इसके बाद भी वर्तमान में हमें अपने अस्तित्व के लिए समाज से लड़ना पड़ता है।

### सबके बीच रहते हुए भी हम सबसे अलग हैं, क्यों?

नाटक के दौरान एक किरदार नेता दौलतराम का भी देखने को मिला। वह विधानसभा चुनाव से पहले किन्नरों से वोट की अपील करने पहुंचते हैं। इस दृश्य ने समाज के दोहरे मापदंड पर एक बड़ा सवाल खड़ा किया। किन्नरों ने वोट की अपील कर रहे नेता से कहा, समाज ने हम किन्नरों को एक अलग दुनिया में रख दिया है। हम यहां सबके बीच रहते हुए भी सबसे अलग हैं। कदम-कदम पर हमें बेइज्जती का सामना करना पड़ा। नाटक में किन्नर समुदाय की सदस्य किरण ने कहा, हम आपको वोट देंगे, पर उससे हमें क्या फायदा होगा? इसके लिए आप हमें वचन दें कि हमारे समुदाय का सही प्रतिनिधित्व करेंगे और हमारी समस्याओं को समाज के सामने लाएंगे। हमें शासकीय योजनाओं से जोड़ेंगे और आपने ऐसा नहीं किया तो आपको 2 सप्ताह तक हमारे साथ रहना होगा। कहिए, मंजूर है।

### पत्रकार के इंटरव्यू में नर्मदा ने साझा की दर्दभरी कहानी

मंच पर किन्नर समाज की व्यथा और समस्याओं को उजागर करने के लिए एक पत्रकार ने किन्नरों का इंटरव्यू लिया। जब पत्रकार ने नर्मदा नाम की किन्नर से पूछा, क्या आपने पढ़ाई की है?, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, मैंने आठवीं तक स्कूल की पढ़ाई की है। मैट्रिक और बीए भी प्राइवेट दिया है। पत्रकार ने फिर सवाल किया तो फिर आगे काम क्यों नहीं किया? इस पर नर्मदा ने बताया, मैंने 10-20 जगह इंटरव्यू दिए, लेकिन कोई मुझे काम पर नहीं रखना चाहता। अपनी व्यथा साझा करते हुए कहा, मेरे पिता और भाई ने मुझसे नफरत की, जिसके कारण मुझे अपना घर छोड़ना पड़ा। मेरे परिवार वाले मुझसे इस कदर नाराज थे कि मेरे साथ रहने पर उन्हें अपमान महसूस होता था। जब मैं बाहर जाने की कोशिश करती तो मुझे जाने की इजाजत नहीं दी जाती थी। इस आपबीती के बीच प्रस्तुति समाप्त होती है।

# रायपुर पहुंचे अर्जुन कपूर

## स्टाइलिश अंदाज में दिखाया जलवा

*रायपुर। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर शनिवार को राजधानी पहुंचे तो फैंस उन्हें देखने उमड़ पड़े। अर्जुन ने मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया और चाहने वालों संग तस्वीरें भी खिंचवाईं। दरअसल अर्जुन आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रीमियम लग्जरी फैशन डेस्टिनेशन "द कलेक्टिव" के स्टोर में पहुंचे थे। करीब 40 मिनट तक उन्होंने यहां इंटरनेशनल फैशन ब्रांड्स और ग्लोबल लग्जरी कलेक्शन को एक्सप्लोर किया। उनके इस अंदाज ने न सिर्फ फैशन प्रेमियों को आकर्षित किया, बल्कि शहर में भी ग्लैमर का तड़का लगा दिया।*



# 'सूत्रा फेस्टिव सीजन एग्जीबिशन का आज अंतिम दिन, उमड़ी भीड़

**रायपुर।** होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में लगे सूत्रा एग्जीबिशन में दूसरे दिन खरीदारी करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यहां वेडिंग और फेस्टिव फैशन के इस प्रमुख आयोजन में फैशन प्रेमियों और खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी, जो डिजाइनर परिधानों, स्टेटमेंट ज्वेलरी और आकर्षक एसेसरीज के अनूठे कलेक्शन देखने पहुंची। आज प्रदर्शनी का अंतिम दिन है। 90 से अधिक नामी और उभरते डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए हैं। यहां वेडिंग और फेस्टिव एडिट में 15,000 से कम कीमत में भी आकर्षक और नए ट्रेंड वाले विकल्प उपलब्ध हैं। आलंक्रित, बॉबी क्रिएशन, नायाब मुंबई, द क्रिएटिव हब और सचिदा क्रिएटिव हाउस जैसे डिजाइनर अपने डिजाइनों से खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां नई डिजाइन के कलेक्शन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।



### महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी

कार्नर न्यूज

# फ्रेशर्स ने वेलकम पार्टी में जमकर लगाए ठुमके, छत्तीसगढ़ी गीतों ने बनाया माहौल



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स के साथ मिलकर जमकर मस्ती की। उमस और गर्मी की परवाह किए बिना नाच-गाने का यह सिलसिला शाम 5 बजे तक चलता रहा। हिंदी और छत्तीसगढ़ी गीतों पर थिरकते हुए विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन की शुरुआत को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में सीनियर्स द्वारा मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेकर विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। पढ़ाई शुरू होने से पहले हुए इस सांस्कृतिक आयोजन ने छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया। मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अंबर व्यास और विशेष अतिथि अजय तिवारी, अध्यक्ष प्रबंध समिति ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों के संबोधन के बाद एक बार फिर मस्ती और उत्साह का दौर शुरू हो गया।



### पुराने और नए गीतों पर खूब मस्ती की

मर्यादाओं का पालन करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पुराने और नए गीतों पर खूब मस्ती की और सभी का मनोरंजन किया। मस्ती का माहौल तब और दोगुना हो गया जब 'ए पान वाला बाबू' और 'मैं निकला गड्डी लेके' जैसे लोकप्रिय गीतों की धुन बजने लगी और छात्र-छात्राओं ने उत्साह से डांस किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के चेहरों पर भी मुस्कान दिखाई दी, क्योंकि उनके विद्यार्थी मौसम और कार्यक्रम दोनों का आनंद ले रहे थे। सीनियर छात्रों द्वारा मिस फ्रेशर्स और मिस्टर फ्रेशर्स का चयन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। सभी ने इस दिन की यादों को अपने कॉलेज जीवन का एक मीठा और अविस्मरणीय पल मानकर संजो लिया।

### फ्रेशर्स पार्टी में भव्य स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग द्वारा शनिवार को नवप्रवेशी नर्सिंग विभाग के छात्रों के स्वागत अनोखे अंदाज में किया। फ्रेशर्स पार्टी के दौरान सभी छात्रों को पारंपरिक परिधान में नजर आए। वहीं पार्टी का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जहां छात्रों ने अपने शानदार कपल एंट्री से खूब तालियां बटोरीं। समारोह में मिस फ्रेशर धरनी सोनवानी और मिस्टर फ्रेशर का खिताब विशाल कुमार को मिला। नए छात्रों के लिए सीनियर्स द्वारा नृत्य, संगीत, नाटक और फैशन वॉक जैसे अनेक मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



## शहर में विराजे गणपति


सर्वधर्म युवा उत्सव समिति, टैगोर नगर


बाल संघ गणेश उत्सव समिति रामकुण्ड उत्कल बस्ती


श्री विनायकराज क्लब, सुदामा नगर, टिकरापारा


श्री विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति, बजाज कॉलोनी


सिद्धि दात्री गणेशोत्सव समिति, राजेंद्र नगर


श्री बालाजी परिवार गणेश उत्सव समिति, मां भवानी नगर, बोरियाखुर्द


चौहान परिवार लिली चौक

● मुक्ताकाशी मंच पर रंग-परब महोत्सवः भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा को नाट्य मंचन से किया जीवंत

# जल-जंगल और जमीन के लिए आदिवासियों ने लड़ी जंग भगवान बिरसा का त्याग और देशप्रेम देख नम हुईं आंखें

'संस्कृति विभाग के रंग-परब महोत्सव की श्रृंखला में शनिवार की शाम रंगमंच के मंजे हुए कलाकारों ने महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर पुरानिक साहू के निर्देशन में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा पर नाटक का मंचन किया। नाटक की शुरुआत बांसुरी की धुन और सांस्कृतिक नृत्य और गानों के साथ हुई। इसमें जल-जंगल और जमीन के लिए बिरसा मुंडा द्वारा किए गए संघर्ष और उनके कालजयी संवादों ने दर्शकों को भी शौर्य और आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजों की जमीदारी प्रथा का भी आदिवासी किस तरह से सामना करते और जीवन के लिए संघर्ष करते थे। किस तरह से भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों में उम्मीद की किरण जगाई इसे भी कलाकारों ने मंच पर शानदार संवाद अदायगी से जीवंत किया।'

**रायपुर।** नाट्य मंचन के दौरान गीत-संगीत का माहौल शांत होते ही एक आवाज आती है, सुनो.. सुनो.. गौर से सुनो..अब से इस जंगल में पशु चराना मना है। यह सुनते ही आदिवासी बोलते हैं कि जंगल तो हमारा परिवार, जीवन और बसेरा है।





हम यहां नहीं रहेंगे तो कहां जाएंगे। संवाद समाप्त होने से पहले ही अंग्रेज आते हैं और आदिवासियों पर अत्याचार करने लगते हैं। नाटक के दृश्य ने सामने बैठे दर्शकों को उस दौर का एहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मंचन में अंग्रेज अधिकारियों द्वारा आदिवासियों से जल-जंगल-जमीन छीनने और जमींदारी प्रथा लागू करने की घटनाओं को दिखाया गया। साथ ही महिलाओं के शोषण व आदिवासियों को बंदी बनाने का दृश्य देखते ही दर्शकों के चेहरे पर हताशा और निराशा के भाव नजर आते हैं। नाटक आगे बढ़ते ही भगवान बिरसा मुंडा के जन्म प्रसंग और उस दौर को जीवंत करने का सुंदर प्रयास कलाकारों ने किया। 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू गांव के किसान परिवार में बिरसा का जन्म हुआ। मंच पर खेत-खलिहान और ग्रामीण जीवन का चित्रण दर्शकों को उस दौर में ले गया।







### परिवार ही नहीं, गांव को भी जगाते हैं भगवान बिरसा

संवादों के साथ नाटक आगे बढ़ता है और आदिवासी पीड़ा को देखते हुए भगवान बिरसा बड़े हो जाते हैं। घर में बिरसा की मां, पिता और भाई होते हैं। तभी बिरसा बोलते हैं, मां मुझे खाना दो। मां-पिता दोनों कहते हैं, कुछ नही हैं खाने के लिए, तू एक काम क्यूं नहीं करता? अंग्रेजों के पास जाकर काम कर ले और कुछ खाने के लिए लेकर आना। भगवान बिरसा के उस मुश्किल घड़ी में आत्मविश्वास से भरे संवाद, मैं मरते मर जाऊंगा, लेकिन अंग्रेजों की गुलामी नहीं करूंगा। यह बात सुनते ही उसके पिता घर से निकाल देते हैं। भगवान बिरसा आजादी के नारे लगाते हुए सभी से आजादी की लड़ाई में सहयोग मांगता हैं। बंदगांव में भगवान बिरसा की मुलाकात आनंद पांडे से होती है। उन्होंने उनका हिंदू धर्म और पौराणिक कथाओं से परिचय कराया। इतना कुछ जानने के बाद भगवान बिरसा अपने गांव वापस आते हैं और परिवार के साथ सभी को बताते हैं कि हम सालों से अत्याचार सह रहे हैं।

### किसी को अंग्रेजों से डरना नहीं

लोगों को अत्याचार के खिलाफ तैयार करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिज्ञा गूंज उठती है "यह केवल जमीन नहीं, हमारी पहचान है। किसी को अंग्रेजों से डरना नहीं है। अपनी संस्कृति को बचाना है, इस बीच आवाज आती है, अब मिलेगी आजादी।" इस संवाद पर तालियां पूरे सभागार में गूंज उठती हैं। इसके बाद एक समय ऐसा भी आता है, जब आदिवासी पुनरुत्थान के लिए किए गए कार्यों की झलक में उन्होंने बताया कि "बीमारी ईश्वर का प्रकोप नहीं, बचाव के उपाय भी हैं। हमें अपनी संस्कृति और आस्था से जुड़े रहना होगा। लोगों को यह समझाते हुए भगवान बिरसा शराब का त्याग, सादा भोजन और जीवन जीना सिखाते हैं।

बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के प्रवचन

# संसार आदिवृक्ष और माया आश्रय सत्य परमात्मा की प्राप्ति का साधन

**रायपुर।** बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में जारी श्रीमद भागवत कथा में आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ ने बताया कि भगवान सत्य के साथ होते हैं। परमात्मा की प्राप्ति का साधन भी सत्य ही है। श्रीमद्भागवत श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग की दिव्य अमृतमयी कथा के प्रसंग में गर्भस्थ भगवान की स्तुति करते हुए देवगण कहते हैं, प्रभु आपकी



प्रतिज्ञा और संकल्प हमेशा सत्य होता है। भगवान को प्राप्त करने का साधन भी सत्य है। भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों ही काल में भगवान सत्य हैं। पंचभूत भी सत्य का ही स्वरूप है। संसार में गर्भवास को महादुख माना जाता है, किंतु भगवान जब स्वयं गर्भ में आ जाते हैं तो ब्रह्मा, विष्णु आदि देवता भी गर्भ की स्तुति करते हैं। श्रोताओं को महाराज ने बताया कि भगवान के आने का एहसास ही मंगल का प्रतीक बनता है।

### कमल सागर के लिए नौका के समान

आगे बताया कि यह सोचकर की गर्भवास का दुख देख कर भगवान कहीं लौट न जाएं। यह संसार आदिवृक्ष और माया इसका आश्रय है। भगवान के चरण कमल संसार सागर के लिए नौका के समान हैं, जिनका आश्रय लेकर भक्त भवसागर पार हो जाते हैं। चराचर लोक कल्याण के लिए सत्व गुण का आश्रय लेकर भगवान अवतार धारण करते हैं। कथा से पूर्व श्री शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने कथा के यजमान भारत भूषण शर्मा एवं उनके परिवार से भागवत भगवान की पोथी का पूजन कराते हुए आरती भी संपन्न करवाई।

## जो व्यक्ति दूसरों से कपट करता है, वह स्वयं को देता है धोखा



श्री सन्मति नगर दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर फाफाडीह में पर्यूषण पर्व के तहत दशलक्षण महापर्व का तीसरा दिन "उत्तम आर्जव धर्म" बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 6 बजे मूल बेदी में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन हुआ। इस दौरान शांतिधारा करने का सौभाग्य क्रमशः तारादेवी कन्हैयालाल गंगवाल परिवार, विमला देवी बाकलीवाल परिवार एवं अशोक-प्रशांत पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर के पं. नितिन पंडित ने बताया कि पर्यूषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म को समर्पित है। इसका अर्थ है मन से कपट, चोरी और धोखे जैसे भावों को दूर कर सरल एवं विनयशील स्वभाव अपनाना। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों से कपट करता है, वह वास्तव में स्वयं को ही धोखा देता है। सहज और सरल स्वभाव अपनाकर ही परम आनंद और मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

### दिगंबर जैन समाज में पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म पूजन



जैन धर्मावलंबियों का आत्मशुद्धि का दस दिवसीय पर्यूषण पर्व शहर के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया गया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक जैन ने बताया कि दस लक्षण उत्तम क्षमा धर्म, मार्दव धर्म, आजर्व धर्म, शौच धर्म, सत्य धर्म, संयम धर्म, तप धर्म, त्याग धर्म, आकिंचन धर्म, ब्रह्मचर्य धर्म होते हैं, जिनका पालन पर्यूषण पर्व पर श्रावक करते हैं।

## अंग्रेज़ी जरूरी, लेकिन न आने पर आत्मविश्वास नहीं खोना चाहिए

**रायपुर।** युवाओं के बीच लोकप्रिय हिंदी लेखक दिव्य प्रकाश दुबे ने शनिवार को मैग्नेटो मॉल में किस्सों और कहानियों के जरिये अपने पाठकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जब हम किसी से मिलते हैं तो वे हमारी यादों का हिस्सा बन जाते हैं और वही यादें आगे चलकर कहानियों का रूप ले लेती हैं। कार्यक्रम के दौरान उनसे पूछा गया कि अगर उनकी जीवनी पर किताब लिखी जाती तो उसका नाम क्या होता? इस पर उन्होंने किस्सा सुनाते हुए बताया कि जब उनकी दूसरी किताब 'मसाला चाय' आने वाली थी तो वे नाम को लेकर उलझन में थे। पहले दो नाम सुझाए गए 'मिक्स वेज' और 'मसाला चाय'।



### पड़ोसी कहते थे- लड़का कुछ नहीं करेगा

*दिव्य प्रकाश दुबे ने सेशन में कहा कि अंग्रेजी जरूरी है, लेकिन न आने पर आत्मविश्वास नहीं खोना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिता ने उन्हें अंग्रेजी मीडियम में डाला, लेकिन गणित के सवालों ने जल्द ही साफ कर दिया कि भाषा आसान नहीं। बाद में संस्कृत स्कूल में पढ़ाई हुई, जहां एक मासूम सवाल पर उनकी पिटाई भी हुई। पड़ोसी कहते थे कि यह लड़का कुछ नहीं करेगा, क्योंकि अंग्रेजी का दबाव तब भी था। दुबे ने कहा, "भाषा जरूरी है, लेकिन अपने अस्तित्व को न भूलें। हिंदी मेरी पहचान है और इसे अपनाने में कभी झिझक नहीं होनी चाहिए।" एआई की बात करते हुई उन्होंने बताया कि दुनिया में प्रोग्रेस होगी, आपको उसका लाभ उठाना है, क्योंकि एआई हमें कहानी तो लिखकर दे देगा, लेकिन उसमें इमोशन और प्यार नहीं डाल सकता। इसलिए राइटर को अपने अनुभवों को लिखना है। हिंदी के उभरते लेखकों को संदेश दिया कि आने वाले कल को सोचकर और दुनिया जैसी होनी चाहिए, उसे लिखें। कहानी में सपना बनाए रखें, वे टूटेंगे, लेकिन उम्मीद के साथ चलना होगा।*

गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति की शिव महिमा दर्शन कराती भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र

# झांकी में दिखी अलौकिक शिव महिमा, 12 हजार वर्गफीट में बसी शिवलोक की छटा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति ने इस बार शिव महिमा के दर्शन कराती भव्य झांकी सजाई है। हर साल की तरह इस साल भी समिति ने गणेशजी की प्रतिमा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण के लिए कैलाश मानसरोवर पर्वत के वातावरण को झांकी के माध्यम से जीवंत और अलौकिक स्वरूप दिया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 हजार वर्गफीट में शिव महिमा का पूरा जीवंत वर्णन कैलाश पर्वत बनाकर किया गया है। इस झांकी निर्माण में करीब 30 लाख रुपए खर्च आया है। इस वर्ष गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर को ध्यान में रखते हुए भगवान शिव की जीवंत लीलाओं के दर्शन कराते झांकी का निर्माण भक्तों के लिए किया गया है। इस 12 हजार वर्गफीट में







लगी पंडाल झांकी में प्रवेश से पूर्व बाहर भक्तों को भव्य कैलाश पर्वत के दर्शन हो रहे हैं। झांकी के अंदर प्रवेश करते ही शिवलिंग के दर्शन होंगे, फिर अर्धनारीश्वर, सावन की पूजा, गंगा अवतरण, मार्कंडेय ऋषि का उद्धार, सागर मंथन, भोले की बारात, शंकर-पार्वती के फेरे, रावण का कैलाश पर्वत उठाना, कैलाश मानसरोवर के दृश्य का आलौकिक दर्शन ये चलित झांकियां करा रही हैं। गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति की यह झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### सौरमंडल की भव्यता में विराजे हैं गणपति

समिति द्वारा लालबाग की राजा गणपति बप्पा की प्रतिमा को सौरमंडल के विविध ग्रह नक्षत्र, चांद, सितारों की भव्यता के बीच स्थापित किया गया है, जहां पर 8 फीट से अधिक बप्पा की भव्य प्रतिमा दिव्य रूप में सुशोभित हो रही हैं। समिति के सदस्यों ने प्रतिमा स्थापना के पंडाल की बैकग्राउंड पर सौरमंडल की जीवंत चित्रकारी की है, इससे गणेशजी के चारों ओर सौरमंडल की आभा बन रही है, जो भक्तों का मन मोह रही है।

### समिति का इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना

गुढ़ियारी गणेशोत्सव समिति का इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना है और यह रायपुर में गणेश उत्सव मनाने की परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह समिति अपनी भव्य झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती है। यह समिति भक्तों में गणेशोत्सव की खुशी और भक्ति के संचार में अहम भूमिका निभाती आ रही है। गुढ़ियारी के युवा इस ऐतिहासिक गणेशोत्सव समिति की परंपरा को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत, प्रथम ने बनाए 68 रन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-23 इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। शनिवार को छत्तीसगढ़ का चौथा मैच पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 के विरुद्ध पुडुच्चेरीमें खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में सभी 9 विकेट खोकर 216 रन बनाए। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 की ओर से विकास कुमार गुप्ता ने सर्वाधिक 56 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त नमन ने नाबाद 44 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से विजय यादव, दीपक यादव तथा गर्व सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम ने 46.1 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने 68 रन तथा साहिल रजत शरीफ ने नाबाद 60 रन बनाये। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 अंडर 23 की ओर से किशन कुमार तथा सात्विक ने 2-2 विकेट लिए।

### खेल और टीमवर्क की मिसाल बना शिवोम बैडमिंटन प्रीमियर लीग



**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ संस्था में 29 एवं 30 अगस्त को दो दिवसीय बैडमिंटन प्रीमियर लीग 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह इंट्रा-स्कूल प्रतियोगिता संस्था की तीनों संस्था सांकरा, रायपुरा एवं चांगोराभाटा के बीच हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल-प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का आयोजन शिवोम् विद्यापीठ सीबीएसई सांकरा के स्पोर्ट्स एरेना ग्राउंड में हुआ,जहाँ दो दिनों तक खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में गर्ल्स जूनियर सिंगल विनर लावण्या , रनर-अप ज्ञाना, गर्ल्स जूनियर डबल्स विनर समृद्धि और लावण्या , रनर-अप निमिता और सेजल, बॉयस जूनियर सिंगल विनर आदित्य, रनर-अप प्रतीक, बॉयस डबल्स जूनियर विनर अभिनव और दुष्यंत रनर-अप आदित्य और यश,मिक्स्ड डबल्स जूनियर विनर रुद्रांश और मीत,रनर-अप आकृति और ध्रुव, गर्ल्स सीनियर सिंगल विनर आरना, रनर-अप तारुषि,बॉयस सीनियर सिंगल विनर उमंग, रनर - अप तुषार,बॉयस डबल्स सीनियर विनर उमंग और कृतज्ञ , रनर-अप चैतन्य और वंश,गर्ल्स डबल्स सीनियर विनर आरना और अनुभूति, रनर-अप तारुषि एवं आन्या,मिक्स्ड डबल्स सीनियर विनर जितेंद्र एवं मानसी , रनर-अप भूमिका और विश्वास रहे। खिलाड़ियों ने खेल भावना और टीमवर्क का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। पूरे ग्राउंड में खेल का जोश और उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संस्था के असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी विकास करते हैं। शिवोम् विद्यापीठ सदैव खेल और शिक्षा के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारी बारिश के चलते टल गया क्रिकेट का जिला ट्रायल्स




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट हेतु नारायणपुर जिले में आयोजित होने वाले अंडर-14 एवं अंडर-19 वर्ग के ट्रायल्स को अत्यधिक बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह ट्रायल 31 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाला था। नई तिथि बहुत जल्द घोषित की जाएगी।

### इंटर स्टेट एथलेटिक्स में छत्तीसगढ़ की संकीर्तना रही तृतीय




**रायपुर।** 64वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 20 से 24 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित की गई। जिसमे छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की खिलाड़ी थोटा संकीर्तना ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षक परमेश्वर राम भगत ने बताया कि इस बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

## दिल और दिमाग की सेहत का असर पड़ता है शरीर के दूसरे अंगों पर

# दिल और दिमाग दोनों में संतुलन बनाकर आप रहेंगे स्वस्थ, कई बीमारियों का खतरा होगा कम

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है।

आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।



### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया।


### जानते हैं इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

**आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी:** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

**नियमित व्यायाम बहुत जरूरी :** नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।

**मस्तिष्क का आराम देना जरूरी:** मस्तिष्क का आराम देने के लिए प्रयास करते रहना भी बहुत आवश्यक है, इसके लिए मेडिटेशन और रिलैक्सेशन जैसे अभ्यास किए जा सकते हैं। मेडिटेशन से न सिर्फ मस्तिष्क को आराम मिलता है साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है।





## बिस्तर पर लेटकर करें योगासन, मिलेंगे फायदे

गलत लाइफस्टाइल और खानपान से लोगों की सेहत पर प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित होने लगते हैं। इन में मोटापा, थकान, शरीर दर्द और तनाव आदि शारीरिक और मानसिक समस्या शामिल हैं। इस तरह की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योगासन लाभकारी होता है। योगासन का नियमित अभ्यास गलत जीवन शैली और पौष्टिक आहार की कमी से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में लोगों के पास योग या व्यायाम करने तक का समय नहीं मिल पाता। लेकिन सेहत को दुरुस्त रखने के लिए कुछ ऐसे योगासन हैं जो रोज सुबह नींद खुलने के बाद आप बेड पर ही कर सकते हैं। सुबह सुबह योगासन का अभ्यास मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। योगासन से शारीरिक समस्याएं कम होने के साथ ही तनाव और चिंता भी कम होती है। जानिए उन पांच योगासनों के बारे में, जिन्हें रोजाना सुबह आसानी से आप बिस्तर पर कर सकते हैं।

### भुजंगासन



रोजाना भुजंगासन का अभ्यास करने से भुजाएं मजबूत होती हैं। मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे बेली फैट कम होता है और रीढ़ में लचीलापन आता है। भुजंगासन का अभ्यास करने के लिए बिस्तर पर पेट के बल सीधा लेटकर दोनों हाथों को कंधे के सामने ले आएं। फिर दोनों हाथों को कंधे पर सामने लाते हुए पूरा शरीर एक सीध में रखें। अब ऊपरी हिस्से को भुजाओं से उठाएं और पैर सीधे रखते हुए कमर से ऊपर का हिस्सा हवा में रखें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।


### बटरफ्लाई पोज

बद्धकोणासन को बटरफ्लाई पोज कहते हैं, जिसके अभ्यास से हिप्स और जांघों की मांसपेशियों में खिंचाव आता है और चर्बी कम होती है। पैरों में मजबूती और हिप्स शेप के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है। इस योगासन को करने के लिए बिस्तर पर सीधा बैठकर दोनों पैरों के घुटनों को अंदर की तरह मोड़ें। अब पैरों के दोनों तलवे आपस में जोड़ते हुए दोनों हाथों से पैरों को पकड़ लें।

## वास्तु के अनुसार बेडरूम बनाएं और चैन की नींद लें, दूर होंगी सारी बाधाएं

बेडरूम वह जगह है जहां आप अपनी दिन भर की थकान को मिटाकर नई उर्जा प्राप्त करते हैं। वास्तु के अनुसार वैवाहिक जीवन को प्रेम और सुकून से जीने के लिए पति-पत्नी का शयनकक्ष बहुत महत्व रखता है।

**सही दिशा देख लें** -अपनी विवाहित जिंदगी को जीने के लिए प्रेम और आकर्षण की दिशा उत्तर-उत्तर-पश्चिम के क्षेत्र में अपना शयनकक्ष बना सकते हैं, इस दिशा में कमरा होने से उनके आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, जिससे जीवन में प्रेम बना रहेगा। पश्चिम जोन लाभ और प्राप्तियों का है ,इसलिए इस जोन में बना बेडरूम दंपत्ति के लिए जीवन के हर क्षेत्र में लाभ और धन की प्राप्ति के लिए श्रेयस्कर है। पति-पत्नी को उत्तर पूर्व दिशा के कमरे में या इस दिशा में बेड लगाने से परहेज करना चाहिए। वास्तु विज्ञान के अनुसार उत्तर- पूर्व दिशा का



स्वामी गुरु होता है, जो यौन संबंध में उत्साह की कमी लाता है जिसकी वजह से दांपत्य जीवन नीरस होने लगता है और आपस में तालमेल की भी कमी आती है। अग्नि के दिशा क्षेत्र दक्षिण-पूर्व में बेडरूम होने से पति-पत्नी का व्यवहार बेवजह ही आक्रामक होता जाता है और कई बार छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना उसकी आदत में शामिल हो जाता है जिससे दोनों के बीच मनमुटाव रहता है।

**इस दिशा में सिर करके न सोएं**-जिस प्रकार पृथ्वी का उत्तरी ध्रुव है ठीक उसी प्रकार से मनुष्य शरीर का मस्तिष्क वाला हिस्सा उसका उत्तरी पोल माना गया है। अतः सम्पूर्ण सुखद विश्राम के लिए आपको सिर सदैव दक्षिण ध्रुव की ओर करके सोना चाहिए ताकि चुम्बकीय तरंगें सही दिशा में प्रवाहित हो सकें। इसके विपरीत उत्तर दिशा में सिर रखकर सोने से चुंबकीय प्रवाह अवरुद्ध होकर बिगड़ जाएगा, जिससे आपको ठीक से नींद नहीं आ पाएगी। वास्तु के अनुसार इस दिशा में सिर करके सोने से नींद बाधित होती है जिस कारण सिरदर्द रह सकता है।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी विनर पॉप स्टार को लेकर भागा सिक्यॉरिटी, लोग पूछ रहे सवाल



साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्यॉरिटी गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। साउथ अफ्रीकी पॉप स्टार टायला का एक वीडियो सामने आया है जिसे देखकर लोग चिंतित हो गए हैं। एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हुआ, जिसमें दिखाया जा रहा है कि कोई गार्ड उन्हें गोद में उठाकर दोड़ते हुए कार तक ले जा रहा है। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना 20 अगस्त की सुबह ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं। ट्विटर पर कुछ क्लिप्स वायरल हैं जिनमें सिंगर हरे रंग के लिबास में हैं और सिक्यॉरिटी उन्हें कंधे पर उठाकर भाग रहे हैं। इसके बाद इस वीडियो में कार में बैठा कोई शख्स उन्हें अपनी गोद में बिठा लेता और सिंगर अपने होश में नहीं दिख रही हैं। हालांकि इस वीडियो में टायला का चेहरा साफ-साफ नहीं दिख रहा है और न ये कन्फर्म हो पाया है कि ये वही हैं या फिर कोई और। हालांकि, पार्टी के एक अन्य वीडियो में उन्हें एक अन्य महिला के साथ बातचीत करते और साथ मिलकर एक वीडियो रील बनाते हुए दिखाया गया है, जिसके बाद कहा जा रहा है कि वो महिला टायला ही थीं। क्लिप में वह पार्टी में जोश से नाचती हुईं और काफी खुश दिखाई दे रही थीं। अब हर किसी के मन में सवाल यही उठ रहा है कि आखिर पार्टी में वो बेहोश क्यों हो गईं।

### टॉलीवुड

## एक्शन-एडवेंचर से भरपूर 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज, दमदार अंदाज में दिखे तेजा सज्जा



'हनुमान' फेम एक्टर तेजा सज्जा स्टारर फिल्म 'मिराय' का मच अवेटेड ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। इस एक्शन-एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, अब फिल्म का दमदार ट्रेलर सामने आया है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिल रहा है और तेजा सज्जा एक बार फिर आपको 'हनुमान' फिल्म की याद दिलाते नजर आएंगे। 3 मिनट 6 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत तेजा के किरदार के एक ट्रेन से गिरने और एक बड़े बाज का सामना करने से होती है। जल्द ही, रितिका का किरदार पहले से ही उत्पात मचा रहे दुष्ट मनोज से पहले मिराय तक पहुंचने के लिए तेजा की मदद लेता है। लोगों की दुर्दशा देखकर, वह बुराई से लड़ने के लिए हथियार ढूंढ़ने लगता है, जिसमें भगवान राम का पवित्र दंड भी शामिल है। मनोज से मुकाबला करने से पहले उसे कुछ बुरी ताकतों से लड़ते हुए भी दिखाया गया है। ट्रेलर के आखिर में तेजा को अपनी खोज पूरी करने के लिए स्वयं भगवान राम से दिव्य मार्गदर्शन मिलता है। 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

ट्रेलर में किसी प्रलय की बात की जा रही है, जिससे बचने के लिए तेजा सज्जा के किरदार को मिराय पहुंचना जरूरी है। मांचू मनोज फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ शानदार वीएफएक्स भी देखने को मिल रहे हैं। ट्रेलर में श्रिया सरन भी अहम किरदार में नजर आ रही हैं। ट्रेलर का सबसे शानदार सीन आखिरी में आता है, जब भगवान राम का अवतार दिखाया जाता है। ट्रेलर कई बार तेज्जा सज्जा की पिछली फिल्म 'हनुमान' की भी याद दिलाता है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' को नॉर्थ में करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन प्रजेंट कर रहा है।

### भोजपुरी

## नीलम ने सच में गर्दा उड़ा दिया... खेसारी संग नया गाना 'कमरिया में पीर'



नीलम गिरी की उधर बिग बॉस 19 में एंट्री हुई है, इधर उनका नया गाना 'कमरिया में पीर' रिलीज होते ही बंपर हिट हो चुका है। खेसारी लाल यादव के साथ इस रोमांटिक डांस सॉन्गग को रिलीज के 8 घंटे में ही 10 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेवस और डांसर नीलग गिरी ने सच में गर्दा उड़ा दिया है। इधर, इस हसीना ने रात में 'बिग बॉस 19' में एंट्री ली है, उधर अगली सुबह उनका नया भोजपुरी गाना 'कमरिया में पीर' रिलीज हुआ। नीलम ने सलमान खान से स्टे ज पर कहा था कि वह गर्दा उड़ाने आई हैं और ऐसा ही हुआ है। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव संग नीलम के इस गाने ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। रिलीज के महज 8 घंटे में इसे यूट्यूब पर 10 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। गाने में पति-पत्नी के बीच तकरार वाला प्यार है, जिसे देख फैंस दीवाने हुए जा रहे हैं। 'कमरिया में पीर' गाने को 'सारेगामा हम भोजपुरी' चैनल पर रिलीज किया गया है। खबर लिखे जाने तक इस झन्नामटेदार रोमांटिक गाने को 11 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। म्यूाजिक वीडियो में खेसारी और नीलम पति-पत्नी के किरदार में हैं। नीलम अपने सईयां जी से नाराज हैं, उन्हेंम जल्दी घर आने के लिए कहती हैं। खेसारी भी छप्परफाड़ के पहुंच जाते हैं। इसके बाद मनाने और रूठने का प्रेम-अलाप शुरू होता है और यह दिल जीतने वाला है।

## लाइफ स्टाइल

### जेन ज़ेड की पसंद



1997 और 2012 के बीच पैदा हुई पीढ़ी जेन ज़ेड कहलाती है। इस नौजवान पीढ़ी की शैलियों और कपड़ों की पसंद अलग हट कर है। पिछली पीढ़ियों के विपरीत, जेन ज़ेड व्यक्तित्व, आराम, स्थिरता और लैंगिक तटस्थता पर ज़ोर देते है। जेन ज़ेड के कपड़ों की शैलियों में अक्सर स्ट्रीटवियर, विंटेज कपड़े और डिजिटल संस्कृति का मिश्रण होता है। इस पीढ़ी को वाईटूके एक्सेसरीज़ (जैसे बटरफ्लाई क्लिप या छोटे धूप के चश्मे) को थ्रिफ्टेड जींस और स्थानीय रूप से बने क्रॉप टॉप के साथ पहने हुए देखना आम बात है। यह पुरानी यादों और नएपन का एक बेहतरीन मिश्रण है।

## वैक्सिंग करने के बाद करें ये काम, लंबे समय तक त्वचा रहेगी जवां



हाथ-पैरों से बाल निकलवा देने के बाद त्वचा मुलायम लगने लगती है। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि वैक्सिंग के चंद ही दिनों में त्वचा की चमक खोने लगती है। अगर आप जरा-सी गलती करें, तो आपका पूरा एक्सपीरियंस खराब हो सकता है। वैक्सिंग के बाद, त्वचा का ख्याल रखने से ही वो जवां नजर आएगी और निखार दिखेगा। अधिकांश महिलाएं वैक्सिंग के बाद त्वचा की देखभाल नहीं करती हैं और इसी के चलते रैशेज, ड्राईनेस, वैक्सिंग बंप्स आदि नजर आने लगते हैं। सेलिब्रिटी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चित्रा आनंद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वैक्सिंग आफ्टर केयर के बारे में बताती हैं। उनके मुताबिक, वैक्सिंग के बाद, त्वचा का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए। अगर आप स्किन को किसी तरह के डिस्कम्फर्ट से बचाना चाहती हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए। अच्छे लोशन लगाने से लेकर सही कपड़े पहनने तक वैक्सिंग के बाद आपको अन्य किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, आइए जानें।

### वैक्सिंग के बाद माइल्ड क्लींजर से करें त्वचा को साफ

वैक्सिंग के बाद त्वचा में थोड़ी-सी खुजली होना सामान्य है। क्या आप स्किन को स्क्रैच करने लगती हैं? या बार-बार गंदे हाथों से हाथ-पैरों को छूती हैं? ऐसा बिल्कुल न करें। वैक्सिंग के बाद किसी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा एक माइल्ड, फ्रैगरेंस फ्री क्लींजर से त्वचा को साफ करें और त्वचा पर यदि वैक्स छूट गई है, तो उसे साफ करें।


वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें


फिटेड कपड़े पहनना गलत नहीं है, बस आपको वैक्सिंग के बाद टाइट और फिटेड कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे आपकी त्वचा पर फ्रिक्शन होगा और हाथ या पैर में जलन या रैशेज पड़ सकते हैं। वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें। इससे त्वचा को सांस लेने में मदद मिलेगी और डिस्कम्फर्ट या अक्सर होने वाली इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी। असुविधाजनक घर्षण और जलन से बचने के लिए वैक्स के बाद कुछ दिनों के लिए बैगी यानी ढीले कपड़े ही पहनें।

### वैक्सिंग के बाद ठंडे पानी से नहाएं

हॉट बाथ लेना या स्टीम रूम में बैठना आपको भी अच्छा लगता होगा। मगर एक चीज का ध्यान रखें कि वैक्सिंग के बाद हॉट बाथ नहीं लेना चाहिए। गर्म पानी से त्वचा में जलन पैदा हो सकती है। वैक्सिंग के तुरंत बाद ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से त्वचा को साफ करें। इससे जलन कम होगी और त्वचा को आराम मिलेगा। इसके अतिरिक्त पूल या बीच में जाने से भी बचें। इस तरह से आप इंफेक्शन भी बच जाएंगी। वैक्सिंग के बाद एलोवेरा जेल या सूदिंग लोशन लगाएं।

## देखने में बेहद स्टाइलिश नजर आते हैं फुल घेरे वाले खास सूट







लगभग हर एक दिन हम सूट पहनना पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस भी आपको कई मिल जाएंगे। वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की बात करें तो आजकल एक्सपेरिमेंटल फैशन का दौर चल रहा है, जिसे हम जैसे कई लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं।

दौर की बात करें तो आजकल फुल घेरे वाले सूट को काफी पसंद किय जा रहा है। अगर आप भी अपने सूट लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो हम आपको दिखाने वाले हैं फुल घेरे वाले सूट के लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप रोजाना से लेकर किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### नायरा कट सूट डिजाइन

मार्केट में आजकल इस तरह के नायरा कट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इस सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 800 रुपये से लेकर 1500 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए वेवी ओपन हेयर स्टाइल चुनें और पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### अनारकली स्टाइल सूट डिजाइन

अनारकली सूट का चलन एवरग्रीन रहता है। इस कलीदार सूट को डिजाइनर ड्रेजी रिद्धि सूरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए आप स्लीक बन हेयर स्टाइल या ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट डिजाइन

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल सूट का चलन फिर चलन में आ रहा है।इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर रजी रमिंग द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 1500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

## अगर चाहिए मेहंदी का गाढ़ा रंग तो अपनाएं घरेलू नुस्खे



अब बाजार में रेडीमेड मेहंदी के कोन उपलब्ध रहते हैं, जिसे कुछ रुपये में खरीद कर मेहंदी लगाई जा सकती है। इस कोन को खरीदना तो आसान है लेकिन इससे कई बार मेहंदी का रंग ज्यादा अच्छा नहीं चढ़ता। मेहंदी का डार्क रंग लाना चाहती हैं तो कोशिश करें कि मेहंदी को घर पर घोलकर तैयार करें। इसके साथ ही आप मेहंदी के रंग को गाढ़ा करने के लिए दादी-नानी के बताए गए घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपना कर आप अपनी मेहंदी का रंग डार्क कर सकती हैं।

### चायपत्ती के पानी का करें इस्तेमाल

अगर आपकी मेहंदी घोलने जा रही हैं तो उसे सादे पानी सी बजाए चाय पत्ती के पानी में घोलें। इससे मेहंदी का रंग काफी डार्क आएगा। इसके लिए आपको पिसी हुई मेहंदी कम दामों में बाजार में मिल जाएगी।

### नींबू का रस

मेहंदी का रंग डार्क करने के लिए मेहंदी घोलते वक्त ही इसमें 3 से 4 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इससे भी मेहंदी के रंग में बदलाव आएगा।

### विक्स

अगर आपकी मेहंदी का रंग डार्क नहीं होता है तो आप विक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले मेहंदी को हाथों मे लगा लें। जब इसे छुड़ाएं तो कुछ देर के लिए विक्स को हाथों में लगाएं। विक्स लगाने के पहले हाथों को गीला ना करें।

## घर पर केराटिन करके बचाएं हजारों रुपये, पहले जानें इसका सही तरीका



केराटिन ट्रीटमेंट में बालों की लंबाई के अनुसार पैसे लगते हैं। इसकी शुरुआत ही 4 हजार से होती है। ऐसे मे अगर आपका केराटिन कराने का मन है, लेकिन आपके पास पैसे नहीं हैं तो कुछ जरूरी टिप्स अपनाएं। आपको घर पर ही केराटिन करना सीखना चाहिए, जिससे आपको घर पर ही पार्लर जैसा रिज्लट मिल जाए। घर पर केराटिन करने में आपका समय और पैसा दोनों बचेंगे।

### क्या होता है केराटिन ट्रीटमेंट

आपको बता दें कि जब बालों में प्रोटीन की मात्रा खत्म होने लगती है, और उस वजह से बाल डैमेज होने लगते हैं तो महिलाएं केराटिन ट्रीटमेंट कराती हैं। इस ट्रीटमेंट में बालों पर एक क्रीम की लेयर लगाई जाती है, जिसे बालों पर अच्छे से लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट के बाद बालों में साधारण शैंपू इस्तेमाल नहीं किया जाता। इस ट्रीटमेंट को आप घर पर भी कर सकते हैं। आइए आपको इसका तरीका बताते हैं।

केराटिन मास्क बनाने के लिए सबसे पहले से एक चौथाई कटोरी एलोवेरा जेल लें। इसमें एक चौथाई कटोरी उबले चावल, चार से पांच चम्मच दही, एक विटामिन ई कैप्सुल और एक चम्मच जैतून के तेल मिलाकर इनकी पेस्ट बना लें। ये आपका मास्क तैयार है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इस तैयार किए गए पैक को बालों पर सही से अप्लाई करें। इसके लिए सबसे पहले बालों को सही से कई भागों में विभाजित करें। इसके बाद पेस्ट को जड़ से सिरों तक इसे लगाएं। अब 1 घंटे के बाद इसे बाल धो लें।

### कार्नर न्यूज


#### मेकअप प्रोडक्ट आपकी त्वचा पर कैसा असर डालते हैं, यह जांच जरूरी

## मेकअप लवर को कॉस्मेटिक्स खरीदते वक्त इन बातों का जरूर रखिए ध्यान, होगा भरपूर फायदा

आजकल फैशन और मेकअप के मामले हर महिला आगे रहना चाहती है। इसके लिए वो हर तरह के मेकअप प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करती है। बाजार में भी तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट मिलते हैं लेकिन जरूरी नहीं हर प्रोडक्ट आपके लिए ही बना हो। इसलिए जरूरी है कि जब भी मेकअप के सामान आप खरीदें तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। तो चलिए जानें क्या हैं वो जरूरी बातें जिनका हर मेकअप लवर को ध्यान रखना चाहिए।

### अपनी त्वचा का प्रकार जानें

सबकी स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है। अलग-अलग त्वचा की जरूरतें भी अलग होती हैं। आमतौर पर नॉर्मल, ड्राय, ऑयली और मिली-जुली इस तरह के स्किन टाइप्स होते हैं। कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले कुछ समय निकालें और अपनी त्वचा का प्रकार पता लगाएं। इससे आपकी खरीदारी आसान हो जाएगी। जैसे अगर आप फाउंडेशन खरीदने जा रही हैं और आपकी स्किन टाइप ऑयली है तो आपको ऐसा फाउंडेशन खरीदना होगा, जो आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा भारी न हो।




### आपको होनी चाहिए स्किन टोन की जानकारी

स्किन टाइप की तरह ही स्किन टोन की सही जानकारी भी बेहद जरूरी है। तीन मुख्य प्रकार के स्किन टोन्स होते हैं कूल, वॉर्म और न्यूट्रल। अपना स्किन टोन पता करने के लिए अपनी कलाई की नसों पर ध्यान दें। अगर आपकी नसें ब्लू हों तो स्किन टोन कूल है। अगर वे ग्रीन हों तो स्किन टोन वॉर्म है। अगर आपको समझ न आ रहा हो कि वे ब्लू हैं या ग्रीन तो आपकी स्किन टोन न्यूट्रल है।

### इन्ग्रीडिएंट्स चेक करें

जिस तरह खाने-पीने की चीजें खरीदने से पहले आप इन्ग्रीडिएंट्स देखें। उसी तरह मेकअप प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले इन्ग्रीडिएंट्स पर नजर डालने की आदत डालें। हो सकता है इसमें कोई ऐसी चीज हो, जो आपकी त्वचा को सूट न करती हो या आपको किसी इनग्रीडिएंट से एलर्जी हो। अगर आप इन्ग्रीडिएंट्स की सूची पढ़ने की आदत डालेंगी तो इस तरह की समस्या से बच सकेंगी।

